● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 74, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरुवार, 18 अप्रैल 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



अब नक्सली छोड़ दे हिंसा का रास्ता सरकार करेगी न्याय : सीएम साय 5

सुनील नारायण ने जड़ा टी-20 करियर का पहला शतक 6

## पर्दे के पीछे कांग्रेस-लेफ्ट की विचारधारा एक : पीएम मोदी

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार (17 अप्रैल) को असम और त्रिपुरा दौरा किया। सुबह असम में जनसभा को संबोधित करने के बाद पीएम मोदी दोपहर में त्रिपुरा की राजधानी अगरतला पहुंचे।

पीएम मोदी ने स्वामी विवेकानंद मैदान में जनसभा में कहा, जब त्रिपुरा में सीपीएम और कांग्रेस थीं, तब भ्रष्टाचार फल-फूल रहा था। वामपंथी पार्टियों ने राज्य को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया। कांग्रेस सरकार ने पूर्वोत्तर के विकास पर ध्यान नहीं दिया। उनकी नीति पूर्व को लूटो की थी। 10 साल पहले मैंने कांग्रेस और वामपंथियों की लूट ईस्ट नीति को खत्म किया था। अब हम एक्ट ईस्ट नीति पर काम कर रहे हैं। सतही तौर पर वामपंथी और कांग्रेस एक-दूसरे के विरोधी लग सकते हैं, लेकिन पर्दे के पीछे उनकी विचारधारा एक ही है।



पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर में रहना हमारा सौभाग्य है, जहां सूर्य की किरणें सबसे पहले पृथ्वी को छूती हैं। ये भारत के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं। विकसित त्रिपुरा, विकसित भारत की प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है।

वहीं, असम के नलबाड़ी में पीएम ने कहा था कि कांग्रेस ने सियासी फायदे के लिए असम को अपने पंजे में जकड़ रखा था। ताकि उनके लिए लूट और भ्रष्टाचार के रास्ते खुले रहें। अब ये पंजा खुल गया है। असम में सबका साथ और सबका विकास हो रहा है। एनडीए सरकार की योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं होता। योजनाओं का लाभ हर किसी को मिलता है। अब एनडीए ने ठाना है कि देश के हर नागरिक तक पहुंचकर जिस सुविधा का वो पात्र है, वो सुविधा उसे दी जाएगी। अब 70 साल के ऊपर के बुजुर्गों की सेवा आपका बेटा मोदी करेगा। इन्हें 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। आपका बिजली बिल जीरो आए, इसलिए कम दाम पर सोलर पैनल दिए जाएंगे। इसके अलावा हमने लक्ष्य रखा है 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। हमने खरीफ की फसलों का एमएसपी बढ़ाया है। इससे यहां के किसानों को लाभ हुआ है। भाजपा ने किसानों को लेकर सभी योजना को जारी रखेंगे। असम का विकास इस बात का सबूत है कि जब नीयत सही हो तो नतीजे भी सही आते हैं। मोदी ने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक की टेंशन से मुक्ति दिलाई। हमने कानून बनाकर मुस्लिम बहनों और उनके परिवारों को राहत पहुंचाई।

मैंने कुछ ही दिन पहले असम में देश की बड़ी सेमीकंडक्टर फैसिलिटी शिलान्यास किया है। इससे 15 हजार से ज्यादा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मिलेगा। ये ऐतिहासिक शुरुआत है। कांग्रेस को दिया आपका वोट केंद्र में सरकार नहीं बनाएगा। भाजपा को दिया आपका वोट विकसित भारत बनाएगा। 4 जून को नतीजा क्या होने जा रहा है, ये साफ दिखाई दे रहा है। हम पूर्वोत्तर में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बीजेपी ने भारत में 3 करोड़ नए घर बनाने का फैसला किया है। हमारी पहल से त्रिपुरा के लोगों को बहुत फायदा होने वाला है। त्रिपुरा के विकास के लिए बीजेपी ने हीरा मॉडल - हाईवे, इंटरनेट वे, रेलवे और एयरवेज पर काम किया है। त्रिपुरा में 4-लेन हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा है। एक समय त्रिपुरा में इंटरनेट कनेक्टिविटी का अभाव था। अब पूरे त्रिपुरा में 5त्र इंटरनेट उपलब्ध है। अब हम हीरा +मॉडल पर काम करने जा रहे हैं। हम पूर्वोत्तर के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

### कांकेर मुठभेड़ पर अमित शाह बोले-

## हम देश से उखाड़ फेंकेंगे नक्सलवाद

**कांकेर।** कांकेर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 29 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। बड़ी बात ये है कि 29 में से 15 महिला नक्सली शामिल हैं। इसी मामले को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। जब से मोदी जी प्रधानमंत्री बने हैं तब से बीजेपी सरकार ने नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ लगातार अभियान चलाया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी, उस अभियान को और गति मिली।



अमित शाह ने आगे कहा कि 2014 से हमने कैंप लगाना शुरू किया। 2019 में दोबारा सरकार बनने के बाद लगभग तीन महीने में 250 कैंप लगाए जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ में 80 नक्सली मारे गये हैं, 125 से ज्यादा गिरफ्तार किए गए हैं और 150 से ज्यादा नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। शाह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि नक्सलियों के खिलाफ ये कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और बहुत कम समय में पीएम मोदी के नेतृत्व में हम देश से नक्सलवाद उखाड़ फेंकेंगे। वहीं कांकेर नक्सली मुठभेड़ पर आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने कहा कि सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई जो करीब 4 घंटे तक चली। डीआरजी और बीएसएफ की टीमों ने इलाके की घेराबंदी कर 29 नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों में 15 महिलाएं और 14 पुरुष थे। मौके से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। वहीं माओवादियों के शवों का पोस्टमार्टम चल रहा है।

दरअसल मंगलवार को कांकेर में पुलिस फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी जिसमें 29 नक्सली मारे थे। मुठभेड़ में नक्सली कमांडर शंकर राव भी मारा गया था जिस पर 25 लाख का इनाम था। बताया जाता है कि मारा गया खूंखार नक्सली शंकर राव पर 25 लाख रुपये का इनाम था। वहीं मारी गई दो महिला नक्सली ललिता और मांडवी पर भी 25-25 लाख का इनाम था। शंकर राव, ललिता और मांडवी डीवीसी रैंक के लीडर थे।

## ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने जारी किया घोषणा-पत्र

### बंगाल में एनआरसी लागू न होने देने का एलान

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के लिए बंगाल की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। पार्टी के नेता डेरेक ओ ब्रायन समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने घोषणापत्र जारी किया। पार्टी के घोषणापत्र में बंगाल में एनआरसी लागू न होने देने का एलान किया गया है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें लिखा गया है कि %हमे लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणापत्र जारी करते हुए खुशी हो रही है। दीदी की शपथ के साथ हम हर भारतीय को




रोजगार की गारंटी, सभी को घर, मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, किसानों को एमएसपी, एससी-एसटी और ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति देने की कसम खाते हैं। हम साथ में भाजपा के जमींदारों को उखाड़ फेकेंगे और सभी के सम्मानित जिंदगी सुनिश्चित करेंगे। टीएमसी ने अपने घोषणापत्र में सीएए कानून को निरस्त करने और एनआरसी को लागू न होने देने का वादा किया है। साथ ही पूरे देश में कहीं भी समान नागरिक संहिता को भी लागू नहीं करने का भी वादा किया गया है। टीएमसी के घोषणापत्र में सभी नौकरी कार्ड धारकों को 100 दिन की रोजगार गारंटी देने की बात कही गई है और कामगारों को एक दिन की न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन देने की बात कही गई है। सभी राशन कार्ड धारकों को हर महीने पांच किलो राशन मुफ्त दिया जाएगा।

## पीएम मोदी ने असम में हेलीकॉप्टर में बैठकर देखा रामलला का सूर्य तिलक

**नलबाड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम के नलबाड़ी में चुनाव प्रचार किया। उनकी इस रैली में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए है। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने वहां मौजूद लोगों को रामनवमी की बधाई दी। इस खास मौके पर उन्होंने फोन की फ्लैश लाइट जला कर लोगों से रामलला के सूर्य तिलक से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब सूर्य देवता स्वयं प्रभु राम के जन्मदिन को मनाने के लिए किरण के रूप में उतर रहे हैं, पूरे देश में एक नया माहौल है और ये प्रभु श्रीराम का जन्मदिन 500 साल बाद आया है, जब उन्हें अपने घर में जन्मदिन मनाने का सौभाग्य मिला है

## कमलनाथ के पास इतना पैसा है कि पूरे गांव को हेलीकॉप्टर बांट सकते हैं: सीएम

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चौरई (छिंदवाड़ा) के धनोरा में चुनावी आमसभा के दौरान प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ पर बड़ा जुबानी हमला बोला है। उन्होंने चौरई विधानसभा क्षेत्र के डूब प्रभावित इलाके धनोरा में ग्रामीणों को चुनावी आमसभा के दौरान कहा, कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ के पास 700 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिसकी उन्होंने चुनावी हलफनामे में जानकारी दी है। वहीं,




कमलनाथ के पास 1,700 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वह चाहें तो पूरे गांव में हेलीकॉप्टर बांट सकते हैं। लेकिन कमलनाथ झूठे विकास का मॉडल बताकर जनता को 40 साल से गुमराह कर रहे हैं। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नकुलनाथ ने एक नंबर में अपने 700 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी बताई है, इतना पैसा उनके पास है कि दिमाग घूम जा रहा है। डॉ. मोहन यादव ने जनता से पूछते हुए कहा कि क्या कभी कमलनाथ ने आपको हेलीकॉप्टर में घुमाया है? चलो सुख में न घूमे कभी कोई बीमार हुआ है तो उन्हें हेलीकॉप्टर में लेकर अस्पताल पहुंचाया है नहीं पहुंचाया है। यही फर्क है, मोदी जी की सरकार और कमलनाथ में।

## जल्द आ सकती है एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के रिजल्ट की तारीख

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा की एक करोड़ 10 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। अब सिर्फ एक प्रतिशत वो उत्तरपुस्तिकाएं जांची जा रही हैं, जिन्हें किसी कारण से होल्ड कर दिया गया था। मंडल के अधिकारियों का कहना है कि मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। अब रिजल्ट तैयार करने का काम चल रहा है।

### यूएन का अनुमान

## भारत की आबादी 144 करोड़ पहुंची, इनमें 0-14 आयु वर्ग की संख्या 24 फीसदी, 65 की उम्र से ज्यादा 7 फीसदी लोग

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की जनसंख्या 144 करोड़ तक पहुंच गई है, जिसमें 0-14 आयु वर्ग वाले 24 फीसदी है। 2011 में हुई पिछली जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या 121 करोड़ थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि प्रसव के दौरान होने वाली मौतों में गिरावट हुई है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की जनसंख्या में 0-14 आयु वर्ग वाले 24 फीसदी, जबकि 10-19 आयु वर्ग वाले 17 प्रतिशत है। भारत की जनसंख्या में 10-24 आयु वर्ग वाले 68 प्रतिशत, जबकि 65 और उससे अधिक उम्र वाले सात प्रतिशत लोग शामिल हैं। पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 और महिलाओं की 74 वर्ष है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 साल में यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में जो प्रगति हुई है, उसमें दुनियाभर के सबसे पिछड़े समुदायों को ज्यादातर नजरअंदाज ही किया गया है। इसके अलावा बताया गया कि भारत में 2006 से 2023 के बीच बाल विवाह का प्रतिशत 23 था।

### जीतू पटवारी का बड़ा दावा बोले-

## 6 में से चार सीटों पर कांग्रेस चुनाव जीतेगी, शाह पर साधा निशाना

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में चार चरणों में चुनाव है। पहले चरण में छह सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। इन सीटों पर आज चुनाव प्रचार थम जाएगा। पहले चरण की 6 सीटों को लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने बड़ा दावा किया है। पटवारी ने कहा कि 6 सीटों में से चार पर कांग्रेस जीतेगी। वहीं, पटवारी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छिंदवाड़ा दौरे को लेकर कहा कि प्रदेश में हर दर्जे की अराजकता देखी गई। पूर्व मुख्यमंत्री कमलाथ के घर पर छापे डाले गए।



ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। पटवारी ने कहा कि भाजपा कांग्रेस के लोगों को शामिल करा रही है। उन्होंने कहा कि रेत, परिवहन वाले लोगों को डराया और उनको अपने साथ ले गए। पटवारी ने शाह पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह तानाशाही कर रहे है। उनकी पार्टी के अंदर भी तानाशाही चल रही है। चुनाव जीतने के बाद शिवराज सिंह चौहान को भी हटा दिया। पटवारी ने भाजपा के वादों पर घेरते हुए कहा कि भाजपा की गारंटी थी कि गेंहू पर 2700 रुपए और धा पर 3100 रुपए एमएसपी देगी। 450 रुपए में गैस सिलेंडर, तीन हजार रुपए लाड़ली बहनों को देंगी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कहा गया, लेकि किया कुछ नहीं। पटवारी ने जनता से कहा कि यदि आपके बेटे को रोजगार मिला हो तो मोदी को वोट बनता है, लेकिन नहीं मिल तो फिर विचार बनता है। उन्होंने कहा कि आप विचार कीजिए कि महंगाई कम हुई क्या? वहीं, पटवारी ने मध्य प्रदेश कांग्रेस की नई टीम को लेकर कहा कि जल्द ही नई टीम का गठन होगा। सक्रिय और योग्य कार्यकर्ताओं को टीम में जगह दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नई टीम में अब जमीनी स्तर पर अच्छा काम करा भी एक आधार होगा। पटवारी ने कहा कि पूरी पार्टी एक साथ है, लोकसभा चुनाव के परिणाम जनता की भावनाओं के अनुरूप आएंगे।

## प्रथम चरण का प्रचार आज शाम 6 बजे से बंद होगा

### बैहर, लांजी और परसवाड़ा में शाम 4 बजे खत्म होगा प्रचार

**भोपाल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण में मध्य प्रदेश के जिन 6 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होना है, वहां पर 17 अप्रैल की शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा।लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बालाघाट के 3 विधानसभा क्षेत्रों बैहर, लांजी और परसवाड़ा में सुबह 7 से शाम 4 बजे तक ही मतदान होना है, अतः इन क्षेत्रों में 17 अप्रैल को शाम 4 बजे से ही चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के 48 घंटे पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के व्यक्तियों को जो उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह क्षेत्र छोड़ना होता है। इस हेतु सघन अभियान चलाया जाता है। प्रथम चरण में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

### झरोखा




## भारी बारिश के कारण जलमग्न हुआ दुबई एयरपोर्ट

### उड़ानें डायवर्ट; शॉपिंग मॉल में घुटनों तक भरा पानी



**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दुबई, जो कि अपने शुष्क और गर्म तापमान के लिए जाना जाता है, मंगलवार को भारी बारिश के कारण बाढ़ में डूब गया। भारी बारिश ने इस हलचल वाले शहर में आम जनजीवन से जुड़ी गतिविधियों को पूरी तरह से ठप कर दिया। इसी के साथ शहर में बाढ़ की स्थिति ने जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंता बढ़ा दी है। मंगलवार को भारी बारिश के कारण दुबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में भी जलभराव हो गया। बता दें कि दुबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को दुनिया के सबसे व्यस्त एयर हब के तौर पर जाना जाता है। एयरपोर्ट में जलभराव की स्थिति को देखते हुए आने वाली कई उड़ानों को डायवर्ट कर दिया गया। दुबई एयरपोर्ट पर आमतौर पर एक सामान्य शाम में करीबन 100 विमानों का आगमन होता है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण वहां जिस तरह के हालात हैं, उसके चलते उड़ानों को डायवर्ट किया गया। हालांकि, 25 मिनट बाद वहां धीरे-धीरे विमानों का आगमन फिर से शुरू हो गया था।

भारी बारिश के कारण उड़ान संचालन में देरी हुई या उड़ानों को रद्द किया गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि रनवे पूरी तरह से डूब चुका है। एयरपोर्ट की पार्किंग भी आधी डूब चुकी है।

## संविधान बदलने की बात कर गुमराह कर रहा विपक्ष, उसने तो खुद 80 बार किया बदलाव : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी वैसे तो राजनीति से अधिक देश के बुनियादी ढांचे के विकास के बारे में बात करना पसंद करते हैं, मगर सियासी सवालों के भी तीखे जवाब देते हैं। भाजपा पर संविधान बदलने के आरोपों पर कहते हैं कि विपक्ष लोगों को गुमराह कर रहा है...उसने तो खुद 80 बार बदलाव कर संविधान तोड़ने का पाप किया है।

बिल्कुल संभव है। हवा देखकर लग रहा है कि भाजपा 370 सीट जीतेगी और एनडीए के घटक दल 30 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करेंगे। कर्नाटक में तो हम जीतेंगे ही। साथ ही, दक्षिण भारत में भी एनडीए को सफलता मिलेगी। हमें बहुत अच्छा जनादेश मिलेगा। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

विपक्ष अल्पसंख्यकों और दलितों को गुमराह करने के लिए झूठा प्रचार कर रहा है। पर, वे इसमें सफल नहीं होंगे। केशवानंद भारती केस में सुप्रीम कोर्ट के 7 न्यायाधीशों ने फैसला दिया है कि संविधान के मूल ढांचे को बदल नहीं सकते। संविधान बदलने की बात वह कांग्रेस कर रही है, जिसने 80 बार बदलाव कर संविधान को तोड़ने का पाप किया है।

बुनियादी ढांचे में बदलाव से विकास को गति मिलेगी। हम इस दिशा में काम कर रहे हैं और आगे का लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं। हम रोपवे, केबल कार बना रहे हैं।



बिजली से सार्वजनिक परिवहन चला रहे हैं। अधिक से अधिक शहरों में इलेक्ट्रिक बसें शुरू करने का प्रयास हैं। आने वाले दिनों में मेट्रो ट्रेनों का विस्तार होगा। हम भारत में हाइपर-लूप तकनीक का आगमन भी देखेंगे। हम ग्रीन-वे बना रहे हैं। हमने कहा था कि दिसंबर, 2024 तक देश के राष्ट्रीय महामार्ग अमेरिका के बराबर होगे।

ऑटो इंडस्ट्री को अभी सातवें स्थान से तीसरे स्थान पर लाए हैं। चीन और अमेरिका को पीछे छोड़कर पांच साल में नंबर वन होंगे। हम कह सकते हैं कि अगले पांच साल में क्रांतिकारी बदलाव होंगे और देश सशक्त बनेगा।

महाराष्ट्र सहित देशभर में हमारे 10 साल के काम का अच्छा परिणाम मिलेगा। भाजपा के साथ शिवसेना (शिंदे गुट), एनसीपी (अजित गुट) का ट्रिपल इंजन होने से एनडीए की ताकत बढ़ेगी और महाराष्ट्र में शानदार जीत मिलेगी। जहां तक शिवसेना की बात है, उसके ज्यादातर विधायक और कार्यकर्ता एकनाथ शिंदे के साथ हैं, तो स्वाभाविक रूप से वही असली शिवसेना है। हमें विश्वास है कि इस बार बारामती में भी एनडीए जीतेंगी। देखिए, एजेंसी अपना काम करती है। हम इसमें हस्तक्षेप नहीं करते। कोई केस बनता है, तो कार्रवाई होती है। किसी को लगता है कि उन्हें परेशान किया जा रहा है, तो वह हाईकोर्ट में जाकर अपील कर सकता है।

नागपुर के विकास के लिए पिछले 10 वर्षों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं पर काम हुआ हैं। आप देखेंगे कि यह दुनिया के सबसे अच्छे शहरों में से एक होगा। मैं मतदाताओं से अनुरोध कर रहा हूं कि मुझे पांच लाख वोटों के अंतर से निर्वाचित करे।

# थम गया प्रचार का शोर, अब शुक्रवार को मतदान का इंतजार

## जिले की सीमाएं समेत मदिरा दुकानें हुई सील

**सिंगरौली।** आरोप-प्रत्यारोप, एक-दूसरे पर आक्षेप और आगामी दिनों में विकास के लोक लुभावने वादों से भरा चुनाव प्रचार अभियान बुधवार शाम खत्म हो गया। आगमी 19 अप्रैल को पहले चरण में 21 राज्यों के 102 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होना है। जिसमें सीधी सिंगरौली संसदीय क्षेत्र की सीट के लिए भी मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

चुनाव प्रचार के आखरी दिन शाम 5 बजे से पहले तक विभिन्?न दलों के नेताओं और उनके कार्यकर्ताओं ने धुंआधार प्रचार अभियान को अंजाम दिया। अंतिम समय तक विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवार और नेता मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की आखिरी कोशिशों में जुटे रहे। चुनाव से 48 घंटे पूर्व चुनाव प्रचार पर लगे विराम के बाद अब राजनीतिक दल चुनावी प्रचार के लिए ना तो जुलूस ना ही आम सभाएं आयोजित कर सकेंगे। लाउडस्पीकर का उपयोग भी वर्जित है। इन 48 घंटे के दौरान



उम्मीदवार केवल घर-घर जाकर ही मतदाताओं से संपर्क कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन राजनीतिक दलों समेत उम्मीदवारों को करना होगा।

चुनाव प्रचार थमते ही जिले की जयंत, खनहना, तेलगांव, गोवा, झरकटा सहित अन्य सीमाएं सील कर दी गई। इसके साथ ही आबकारी विभाग ने जिले में संचालित सभी देसी एवं अंग्रेजी मदिरा दुकानों को भी सील कर दिया। चुनाव के बाद देर शाम यह खुल सकेंगी। हालांकि सीमाओं से आवश्यक सेवाएं और जिले के लोग पहचान पत्र के साथ कड़ी सुरक्षा मापदंडों को पूरा कर जिले में दाखिल हो सकेंगे

**मतदान दलों को ले जाने के लिए 260 बसें तैयार, इस दौरान यात्रियों की होगी फजीहत**

जिले में शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। गुरुवार दोपहर मत पेटियों को लेकर चुनाव दल मतदान केंद्रों के लिए रवाना किए जाएंगे। इसे लेकर जिले भर से बसों को खड़ा कर लिया गया है। कुल 260 बसें मतदान के लिए लगाई गई है। जिसमें 190 बसों की सेवाएं ली जा रही है, वहीं शेष बसें रिजर्व में खड़ी रहेगी। इस दौरान प्रत्येक रुट पर एक बस चला करेगी। जिससे यात्रियों की फजीहत होनी तह है।

# एनसीएल खदान पर कार्य के दौरान मृत मिला कर्मी, हृदय घात की जताई जा रही संभावना



**सिंगरौली।** बुधवार सुबह करीब 5 बजे एनसीएल की जयंत परियोजना के वेस्ट खदान में एक पीसी ऑपरेटर अपनी मशीन के पास अचेत अवस्था में मिला। सुरक्षा प्रहरियों ने इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी, जिसके बाद एंबुलेंस की मदद से उसे नेहरू शताब्दी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एनसीएल की जयंत परियोजना में बतौर पीसी ऑपरेटर कार्यरत उमेश नोनिया उम्र करीब 55 वर्ष निवासी झारखंड रात्रि पाली में पीसी पर थे। सुबह करीब 5 बजे उनके पीसी 2000 के पास वह अचेत अवस्था में देखे गए। संभावनाएं जताई जा रही है कि अपना काम खत्म करते ही नीचे उतारकर उन्हें दिल का दौरा पड़ा होगा। जिससे वह वहीं गिर पड़े। बताया जाता है कि आधे घंटे तक भी लोग वहां नहीं पहुंचे थे। किस उन्हें समय पर उपचार नहीं मिल सका। इस घटना के विषय में एनसीएल जनसंपर्क अधिकारी राम विजय सिंह ने बताया कि एनसीएल कर्मी जयंत परियोजना में अकेले रहकर कार्य किया करता था। उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है और कल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की सही जानकारी मिल सकेगी।

# अमृत विद्या पीठ कालेज के संचालक डाक्टर अश्वनी तिवारी नही रहे

## छत से गिरने से हुआ निधन,क्षेत्र में शोक की लहर

**सिंगरौली।** सीधी सिंगरौली जिले के लोकप्रिय , अमृत विद्या पीठ कालेज विंध्य नगर के डायरेक्टर एवम जिला योग समिति योग आयोग मध्य प्रदेश सिंगरौली अध्यक्ष , सामाजिक व्यक्ति , व्यस्तित्व के धनी , दिल अजीज , चेहरे में हमेशा मुस्कान रखने डाक्टर अश्वनी तिवारी अब लोगो के बीच में नहीं रहे । श्री तिवारी सुबह 9 बजे नाश्ता करके अपने निवास विंध्य नगर से अपने कालेज की ओर निकल रहे थे कि प्रथम तल से पैर स्लिप होने से नीचे गिर पड़े मस्तिस्क में चोट आने से ब्लड काफी गिर चुका था परिवार के लोगो ने तुरंत ट्रामा सेंटर बैढ़न ले गए कुछ घंटे पश्चात डाक्टरों में मृत घोषित कर दिया बता दे कि विंध्य क्षेत्र के लोगो को जैसे ही खबर मिली तो किसी को ये विश्वास ही नहीं हुआ लोग जिस परिस्थिति में जैसे भी रहे तुरंत ट्रामा सेंटर बैढ़न पहुंचे । पीएम होने के बाद पार्थिव शरीर को गृह ग्राम सीधी जिले के खडौरा तहसील मझौली में ले जाया गया वही उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा श्री तिवारी अपने पीछे पत्नी दो बेटी , बेटा छोड़कर चले गए। श्री तिवारी सौम्य स्वभाव , चेहरे में हमेशा मुस्कान रखने वाले जो हमेशा समाज एवम लोगो के बीच समर्पित रहने वाले हर व्यक्ति के सुख दुख में अपनी सहभागिता , उपस्थिति रखने तथा समाज के शुभ चिंतक तिवारी जी रहने का प्रयास करते थे वही मौके में



उपस्थित लोगो ने कहा कि समाज एवम विंध्य क्षेत्र के लोगो की अपूर्णीय छति हुई है सभी लोगो ने ईश्वर से प्रार्थना किए की परिवार जनों को इस दुखद घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करे और अपने श्री चरणों में स्थान दे ।

इस मौके पर सिंगरौली विधायक राम निवास शाह , महापौर रानी अग्रवाल , कांग्रेस शहर अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल , मिश्रा पॉली क्लीनिक नर्सिंग होम संचालक डाक्टर डीके मिश्रा , कांग्रेस प्रदेश महामंत्री अमित द्विवेदी , जिला शिक्षा अधिकारी एस.बी सिंह , सिंगरौली विकास प्राधिकरण एवम नगर निगम पूर्व अध्यक्ष बीरेंद्र मिश्रा , अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद अध्यक्ष सिंगरौली प्रवीण शुक्ला , युवा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक राजेश दुबे , सहित शिक्षा विभाग से जुड़े सभी लोग एवं शुभ चिंतक लोग पहुंचे।

# भैंसों की तस्करी करते दो आरोपी धराए

## उमरहर में जियावन पुलिस ने दबिश देकर की कार्यवाही

**सिंगरौली।** जियावन पुलिस ने मवेशी भैंसों की तस्करी कर रहे दो आरोपी के कब्जे से 13 की संख्या में भैंस व उनके बच्चों को बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 एवं 34 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। यह कार्यवाई पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता एवं एएसपी एके वर्मा के निर्देशन एवं एसडीओपी देवसर राहुल कुमार सैयाम के मार्गदर्शन में जियावन थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र पाठक के नेतृत्व में की गई जियावन पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि ग्रस्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली की



लोहारा माडी बाध उमरहर से एक पिकप में भैंस क्रूरता पूर्वक अवैध परिवहन के लिये बाहर ले जा रहे हैं। मुखबीर की सूचना पर थाना प्रभारी जियावन के निर्देश पर सउनि जेपी वर्मा हमराह स्टॉप के साथ रेड कार्यवाही किया तो आरोपी ताजुद्दीन मुसलमान पिता अब्दुल फहीम निवासी उमरहर, फारुख मोहम्मद निवासी देवगमा के कब्जे से पिकप वाहन क्र द्व्श्च 665स्र2966 कीमत 500000 रुपये एबं 5 नग पड़िया एबं 8 नग पड़वा कुल 13 की संख्या में भैंस कीमत 35000 हजार रुपए कूल 535000 का जब तक किया गया तत्पश्चात आरोपियों के विरुद्ध थाना जियावन में पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 भादवि की धारा 34 कायम कर विवेचना में लिया गया है उक्त कार्यवाही में मुख्य रूप से जेपी वर्मा, आरक्षक राहुल कुमार की भूमिका सराहनी रही है।


# मऊगंज में 20 अप्रैल को शिवराज सिंह चौहान की चुनावी जनसभा

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 20 अप्रैल को मऊगंज में भाजपा प्रत्याशी सांसद जनार्दन मिश्रा के पक्ष में आम सभा को संबोधित करेंगे भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया है कि पूर्व मुख्यमंत्री की मऊगंज नगर में 20 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे विशाल चुनावी आमसभा आयोजित की गई है पूर्व मुख्यमंत्री विशेष प्लेन से 10:00 बजे सुबह रीवा एयरपोर्ट उतरेंगे जहां सेकार द्वारा मऊगंज यांएंगे और चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे वहां से कार द्वारा वापस रामपुर बघेलान जाएंगे और चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे पूर्व मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्रशुक्ल और लोकसभा भाजपा प्रत्याशी सांसद जनार्दन मिश्रा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विधायक गिरीश गौतम मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल भी जनसभा को संबोधित करेंगे जनसभा की तैयारी को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष ने पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं पदाधिकारी को बैठक लेकर व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

# विकास कार्य एनटीपीसी सिंगरौली की प्रथम प्राथमिकता

**सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा चिल्काडांड ग्राम में ग्रामवासियों से विकासात्मक सुझाव प्राप्त करने एवं विकास कार्यों में सहभागिता स्थापित करने के लिए दिनांक 16.04.2024 को विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें एनटीपीसी की ग्राम विकास संबंधी योजनाओं से ग्राम वासियों को अवगत कराया गया।

एनटीपीसी सिंगरौली योजनबद्ध तरीके से शक्तिनगर विशेष क्षेत्र प्राधिकरण(साडा) के माध्यम से परियोजना प्रभावित गाँव में कार्य करने के लिए विशेष पहल कर रही है ताकि गांवों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा शक्तिनगर विशेष क्षेत्र प्राधिकरण(साडा) के माध्यम से



कार्य करने के संबंध में प्रशासन से भी चर्चा की गई है ताकि सुचारु रूप से आवंटित कार्य को पूर्ण कराया जा सके।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री सिद्धार्थ मंडल, मानव संसाधन विभाग प्रमुख ने कहा कि विकास कार्य एनटीपीसी सिंगरौली की प्रथम प्राथमिकता है जिसे सभी ग्रामवासी की सक्रिय सहभागिता से पूर्ण किया जाएगा। उन्होने एनटीपीसी सिंगरौली की ग्राम विकास संबंधी भावी योजना से ग्रामीण जनो को विस्तार से अवगत कराया। बैठक के दौरान ग्रामवासियों द्वारा ग्रामीण विकास संबंधी विभिन्न सुझाव दिए गए एवं सतत विकास पर ज़ोर दिया गया। बैठक के दौरान प्रधान श्री हीरा लाल एवं अन्य ग्रामीण जनो ने एनटीपीसी सिंगरौली के इस विशेष पहल का स्वागत किया एवं ग्रामीणों के मध्य वार्ता करने हेतु आभार व्यक्त किया।

ज्ञात हो कि एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा सी एस आर योजना के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना,स्व-रोजगार के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है जिससे ग्रामवासी सतत लाभान्वित हो रहे हैं।

बैठक सौहार्द पूर्ण वातावरण में आयोजित की गई जिसमें एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण , प्रबुद्ध ग्रामीण जन,प्रधान,पत्रकार बंधु आदि सम्मिलित हुए।

# चैत्र रामनवमी के नवमी तिथि को माँ धनौजा के दर्शन को श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, मंदिर प्ररिसर मे हुआ विशाल भंडारा

**सरई।** चैत्र रामनवमी के नवमी तिथि को सिंगरौली जिले सरई क्षेत्र के प्रसिद्ध माँ धनौजा माता के दर्शन को श्रद्धालुओं भीड़ की देखते बनती थी। इसके साथ ही मंदिर प्ररिसर में समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी व अजय गुप्ता,श्याम गुप्ता,पप्पू गुप्ता व टीम 005 के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था। ऐ अलग अलग लोगों के द्वारा अलग अलग प्रकार के प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग पंहुचे और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किये। जिसमें क्षेत्रीय देवसर विधायक सहित सरई तहसीलदार एवं आसपास के क्षेत्र के माँ के



भक्त माँ धनौजा के दर्शन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने पंहुचे, कन्या भोज कराकर भंडारा प्रारंभ किया गया। बता दें कि समाजसेवी व पार्षद वार्ड नं. 14 प्रेम सिंह भाटी के द्वारा पिछले 20 सालों से भंडारे का आयोजन कराया जाता है। भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए दूर दूर से लोग पंहुचे हुए थे। दोपहर से लेकर देर रात तक चला भंडारा हजारों की संख्या में महाप्रसाद पाने हेतु लोग पहुंचे।

# मोरवा विस्थापन पर गतिरोध जारी

**सिंगरौली।** जयंत एवं दूधिचुआ खदान के विस्तार हेतु मोरवा के विस्थापन में धारा 9 लागू कर दी गई। इसके बाद से ही स्थानीय लोग सत्ते में हैं और आए दिन विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से पुनर्वास व मुआवजे की राशि एवं अन्य मुद्दों पर रणनीति बनाई जाती है। पूर्व में भलुगड एवं खि़रवा, पड़ताली जैसे पुनर्वास स्थल का मुद्दा प्रमुख था। परंतु लगभग सभी संगठनों द्वारा एक एक सूर से मुख्यालय के नए स्थल के साथ पुनर्वास स्थल को जोड़ने की बात के बाद यह मुद्दा आम होता नजर आ रहा है। पर अभी भी मुआवजे की राशि और विस्थापन को लेकर पेंच बरकरार



है। बीती शाम मोरवा में सिंगरौली पुनर्वास मंच की बैठक आहूत हुई, जहां करीब एक सैकड़ा लोग उपस्थित रहे। जिसमें सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया कि एनसीएल प्रबंधन द्वारा गणना पत्रक की विवेचना के पूर्व कंपनी द्वारा कराए जाने वाला सर्वे का कार्य ना हो। उन्होंने अपनी मंशा स्पष्ट की की एनसीएल प्रबंधन विस्थापन को लेकर अपना मैप स्पष्ट करें। इसके अलावा तीव्र ब्लास्टिंग एवं एवं परिसंपत्तियों का मूल्यांकन का विषय भी यहाँ प्रखर रहा। इसके साथ ही नगर निगम क्षेत्र में आवंटित दुकान एवं आवासी परिसरों के मुआवजे की बात भी प्रमुख रूप से यहाँ छाए रहे। यहां मौजूद लोगों का कहना था कि लीस पर ली गई निगम की जमीन और उसपर किया गया निर्माण का भुगतान लोगों द्वारा नगर निगम को करवाया किया गया है। इसके साथ ही संपत्ति कर, भू भाटक, जलकर आदि करों का भुगतान समय-समय पर लोगों द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद मिलने वाले मुआवजे का पूर्ण भुगतान यहां के रह वासियों को होना चाहिए।

# कमिश्नशर एवं एडीजीपी ने पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंच चुनाव सामग्री वितरण व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शहडोल**

कमिश्नचर शहडोल संभाग श्री बी.एस. जामोद तथा शहडोल पुलिस जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री डी.सी. सागर ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से अनूपपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दलों को सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर श्री आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह पवार, अपर कलेक्टर श्री अमन वैष्णव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर श्री महिपाल सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर श्री दिलीप पाण्डेय, एसडीओपी अनूपपुर श्री सुमित केरकेट्टा सहित सर्व संबंधित जन उपस्थित थे।

कमिश्न्र श्री बी.एस. जामोद ने मतदान दलों को सुगमतापूर्वक चुनाव सामग्री वितरण की व्यवस्था के संबंध में दिशानिर्देश दिए। एडीजीपी श्री डी.सी. सागर ने मतदान दलों के लिए वाहन व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने 100 प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के मतदाता जागरूकता के सार्थक प्रयास पर बल दिया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर श्री आशीष वशिष्ठ ने जिले के विधानसभा क्षेत्रवार मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी।

# चुनाव कार्य में लगे वाहनों में होगा ट्रैकिंग सिस्टम

**सिंगरौली।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान दलों तथा सेक्टर आफीसरों को ले जाने वाले वाहनों में ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जाएगा। जिन वाहनों से ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपैट मशीनों को भेजा जाएगा, उनमें भी जीपीएस आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जाएगा,जिससे हर समय वाहन की निगरानी की जा सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा ट्रैकिंग सिस्टम स्थापित करने तथा वाहनों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी को निर्देश दिये गये है। कलेक्टर ने कहा मतदान दिवस को जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से वाहनो की ट्रैकिंग एवं मानीटरिंग के लिए कंट्रोल रूम 24 घण्टे सक्रिय रहेगा। मतदान दिवस पर मतदान दलो का ले जाने वाले जाने वाले वाहन एक ही स्थान पर दिखाई देगे जबकि सेक्टर मजिस्ट्रेटो के वाहन सक्रिय प्रदर्शित होंगे। यदि कोई वाहन एक घण्टे से अधिक अवधि तक किसी एक ही स्थान पर खड़ा दिख रहा है तो संबंधित वाहन के प्रभारी से तत्काल मोबाईल पर सम्पर्क कर स्थिति ज्ञात की जायेगी।

# निर्वाचन आयोग की संभागीय समीक्षा व्हीसी के माध्यम से सम्पन्न

**सिंगरौली।** निर्वाचन आयोग की संभागीय समीक्षा बैठक व्हीसी के माध्यम से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई बैठक में जबलपुर, रीवा एवं शहडोल संभाग के अधिकारी शामिल रहे। बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त मध्यप्रदेश अनुपम राजन के निर्देश दिये मतदान दिवस पर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाये। तथा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाना जिला निर्वाचन अधिकारी सुनिश्चित करे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त समीक्षा करते हुये निर्वाचन संबंधी की गई तैयारियो की जिलावार जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी हर मतदान केन्द्र में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत सुनिश्चत कराये। जिन मतदान केन्द्रो में पिछले निर्वाचन के दौरान मत प्रतिशत कम रहा है वहां पर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधि के द्वारा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिला निर्वाचन अधिकारी उचित भीड़ प्रबंधन के लिए अधिक से अधिक मतदान केन्द्रो में बेवकास्टिग की सुविधा के साथ साथ अनिवार्य रूप से बेबकेम निगरानी मुहैया कराये। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने निर्देश दिये कि उचित संचार माध्यम के साथ एफएसटी, एसएसटी बलो का बेहतर उपयोग कर अवैध जंप्ती को बढ़ाने के लिए चेकपोस्टो पर कड़ी निगरानी रखे। तथा ऐसे मतदान केन्द्र जहां पर मतदाताओं की सख्या 1500 से अधिक है वहां अतिरिक्त दल नियुक्त करें। तकि मतदान केन्द्रो पर आने वाले मतदाता बिना किसी परेशानी के कतार पर लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। व्हीसी मे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिले में स्वीप गतिविधियो के तहत मतदाता जगरूकता अभियान सफलता पूर्वक चलाया जा रहा है। मतदान केन्द्रो में सभी मूलभूत तैयारियो को पूर्ण कर लिया गया है। मतदान केन्द्रो में मतदताओ के लिए छाया, पानी विद्युत शौचालय का उचित प्रबंध किया गया है।

# चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भारतीय जनता पार्टी ने झोंकी पूरी ताकत

## मंत्री, जिला अध्यक्ष, विधायक, पार्टी पदाधिकारी ने पैदल मार्च कर बाँटे पर्चे, मांगा आशीर्वाद

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा के प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा के जन समर्थन हेतु भाजपा ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन पूरी ताकत झोंकते हुए सभी विधायक, मंत्री, जिला अध्यक्ष एवं पार्टी पदाधिकारी को अलग-अलग क्षेत्र में जन समर्थन जुटाने के लिए लगाया था। भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा ब्योहारी विधानसभा के बाणसागर के बुढ़वा में, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान पटपरा बाजार में, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक सीधी नगर मंडल में, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक सिहावल में,धौहनी विधायक धौहनी विधानसभा में और भाजपा प्रदेश महामंत्री और पूर्व चुरहट विधायक शरदेन्दु तिवारी चुरहट विधानसभा के खड्डी मंडल में भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा के विजय श्री के लिए गली चौराहा एवं बाजार में पैदल मार्च करते हुए जनता जनार्दन का आशीर्वाद मांगा।



भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के महामंत्री और चुरहट के पूर्व विधायक भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा के जन समर्थन में खड्डी मंडल में डोर टू डोर संपर्क करने के पश्चात विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव भारतीय जनता पार्टी रिकॉर्ड मतों से जीतेगी, क्योंकि हमने भारत को विश्व के मानचित्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थापित किया है। आज दुनिया भारत का लोहा मान रही है। हर गरीब का जीवन स्तर तो ऊपर उठा है और वह स्वाभिमान के साथ भारत के विकास में अपनी बराबरी की हिस्सेदारी दर्ज कर रहा है। लोकसभा संसदीय क्षेत्र का हर जागरूक मतदाता भारतीय जनता पार्टी के साथ है।

भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित है। हमें केवल जीत का अंतर बड़े से बड़ा करना है। पूरा सीधी मोदी मय है।

सीधी विधायक और नि वर्तमान सांसद श्रीमती रीती पाठक सीधी नगर मंडल में व्यापक जनसंपर्क करते हुए सैकड़ो समर्थकों के साथ लोकसभा पार्टी कार्यालय से अस्पताल चौक, सम्राट चौक, सराफा बाजार, अमहा और फूलमती मंदिर में माता के दर्शन के पश्चात भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर राजेश मिश्रा के लिए आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि यह चुनाव भारत को विश्व की महाशक्ति बनाने का है ।भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का है। युवा, महिला, किसान, मजदूर ,दलित ,शोषित, वंचित सभी के विकास का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए सीधी की जनता भरपूर आशीर्वाद दे रही है। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी, नरेंद्र मोदी, रीती पाठक, डॉ राजेश मिश्रा जिंदाबाद के जबरदस्त नारे लगे। कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर और माल्यार्पण कर अपना समर्थन व्यक्त करते हुए विजय श्री का आशीर्वाद दिया।

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा ने ब्यौहारी विधानसभा के बाणसागर मंडल में ग्राम पंचायत क्षेत्र बुढ़वा में जनता जनार्दन का आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि मेरा जीवन देश के लिए, भारत माता के लिए है। मैं जनता जनार्दन की सेवा के लिए राजनीति में आया हूं। छात्र जीवन से ही मैं सेवा के कार्य समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में किए हैं। आप सभी के आशीर्वाद से मैं आप सभी की आकांक्षा और आशाओं में खड़ा उतारूंगा। दोनों हाथ जोड़कर भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा ने विजय श्री का आशीर्वाद मांगा। चुनाव प्रचार के दिन अंतिम दिन आयोजित विभिन्न प्रकार के पार्टी कार्यक्रमों में लोकसभा के संयोजक के के तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी लाल शर्मा, जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मुन्नू, पार्टी पदाधिकारी, मंडल और मोर्चा के अध्यक्ष और पदाधिकारी सहित सैकड़ो की संख्या में आमजन विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए।

# जिला दण्डाधिकारी ने धारा-144 अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने की दृष्टि से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 (1) के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी किया गया है।

अभ्यर्थी को उसके स्वयं के उपयोग हेतु एक वाहन सम्पूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु, अभ्यर्थी के चुनाव एजेंट को एक वाहन सम्पूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु तथा अभ्यर्थी के कार्यकर्ताओं/दलीय कार्यकर्ताओं के उपयोग हेतु एक वाहन प्रति विधानसभा क्षेत्र हेतु उपयोग की अनुमति रहेगी। अभ्यर्थी को आवंटित वाहन का अभ्यर्थी की अनुपस्थिति में अन्य कोई व्यक्ति उपयोग नहीं कर सकेगा। उक्त वाहनों में ड्राइवर सहित अधिकतम 05 व्यक्ति ही बैठ सकेंगे। उक्त वाहनों के अतिरिक्त किसी भी नेता द्वारा किसी अन्य वाहन को इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी। वाहनों के उपयोग से पूर्व उसकी लिखित अनुमति रिटर्निंग आफिसर से प्राप्त करना आवश्यक होगा। जिन वाहनों को उक्तानुसार अनुमति प्रदाय की जावेगी, उन वाहनों के अगले शीशे पर प्रदाय की गई अनुमति आदेश की मूल प्रति (फोटोकॉपी नही) चस्पा करना होगा। आवंटित वाहनों पर किसी प्रकार के पोस्ट/ प्लेकार्ड/ बैनर/झण्डा नहीं लगा सकेंगे। वाहनों पर आने वाले व्यय का लेखा-जोखा निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये आय-व्यय रजिस्टर में रखना आवश्यक होगा, जिसका अवलोकन आयोग के प्रेक्षकों को भी उनके निर्देशानुसार समय-समय पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इन वाहनों द्वारा मतदाताओं को ढ़ोने पर भ्रष्ट आचरण अधिनियम, 1951 की धारा 133 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123(5) के अधीन कार्यवाही की जायेगी।

मतदान दिनांक 19.04.2024 को मतदान केन्द्र के 100 मीटर की दूरी के भीतर मतदान केन्द्र या किसी भी सार्वजनिक या निजी स्थान के भीतर कोई प्रचार नहीं किया जायेगा। मतदान दिनांक 19.04.2024 को निर्वाचन सम्पन्न होने तक मतदान केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति मोबाइल, कार्डलेस फोन्स का उपयोग नहीं करेगा, परन्तु यह प्रतिबंध पीठासीन अधिकारी एवं निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक, सुरक्षा में लगे अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों पर लागू नहीं होगा। उक्त अधिकारियों को भी अपना मोबाइल साइलेंट मोड में रखना होगा। पोलिंग बूथ के 100 मीटर के भीतर अभियान संबंधित कोई भी पोस्टर या बैनर नही रहेंगेध्लगेंगे। मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारकों, मेगा फोन आदि किसी भी उपकरण द्वारा मानवीय स्वर को परिवर्धित करने या पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं होगी। उल्लंघन के मामले में इस तरह के तंत्र को जब्त कर लिया जायेगा तथा दण्डात्मक कार्यवाही भी की जावेगी। मतदाताओं को अशासकीय मतदाता पहचान पर्ची जारी करने हेतु मतदान केन्द्रों की परिधि के 200 मीटर के अन्दर कोई बूथ स्थापित नहीं किया जायेगा। एक ही परिसर में एक से अधिक मतदान केन्द्र होने पर भी ऐसे परिसरों में 200 मीटर की दूरी पर ऐसे मतदान केन्द्रों के लिए एक उम्मीदवार के लिए एक ही बूथ बनाया जायेगा। ऐसे बूथ पर केवल एक मेंज एवं दो कुर्सियां (बिना शामियाना/तम्बू) रखी जा सकेगी। ऐसे बूथ पर केवल 31.50 वर्गफीट का बैनर लगाया जा सकेगा, जिस पर अभ्यर्थी का नाम उसका दल एवं चुनाव चिन्ह लिखा जा सकता है। मतदान के दिन मतदान केन्द्र/अभ्यर्थी के बूथ पर बैठने वाले मतदान एजेंट ध्कार्यकर्ता के लिए यह आवश्यक होगा कि वह उसी मतदान केन्द्र/पड़ोस के मतदान केन्द्र का वोटर हो और उसके पास साथ में फोटो परिचय पत्र अथवा शासन द्वारा जारी किया गया ऐसा पहचान पत्र हो, जिस पर उसका फोटो लगा हो।

# मतदान दिवस के दिन पालन की जाने वाली आचार संहिता

**सीधी।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान दिवस 19 अप्रैल के दिन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित मतदान हेतु राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को पालन करने वाली आचार संहिता तय कर दी है। इसके तहत मतदाताओं को इस बात की पूर्ण स्वतंत्रता हो कि वे बिना किसी परेशानी व बाधा के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। निर्वाचन कर्तव्य पर लगे हुए अधिकारियों के साथ सहयोग करें। सभी दल अपने प्राधिकृत कार्यकर्ताओं को उपयुक्त पहचान पत्र वितरित करें। मतदाताओं के उनके द्वारा दी गई पहचान पर्चियां सादे कागज पर होगी और उन पर कोई प्रतीक चिन्ह, अभ्यर्थी का नाम या दल का नाम नहीं होगा।

इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने बताया कि अपेक्षा के अनुरूप राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों के द्वारा मतदान केन्द्रों के निकट लगाये गये कैम्पों के नजदीक अनावश्यक भीड़ एकत्र नहीं होनी चाहिए। अभ्यर्थियों के कैम्प साधारण हों, उन पर कोई पोस्टर झंडे, प्रतीक या अन्य प्रचार सामग्री प्रदर्शित न की जाये।

# सीधी संसदीय क्षेत्र में 19 अप्रैल को होगा मतदान

## मतदान दल गुरुवार को होंगे रवाना

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को प्रातरू 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान के लिए जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1208 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें ईव्हीएम से मतदान कराया जायेगा। मतदान दल मतदान सामग्री तथा ईव्हीएम के साथ 18 अप्रैल को शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी (पुराना भवन) से निर्धारित अपने मतदान केन्द्र के लिए प्रस्थान करेंगे। सभी चारों विधानसभाओं चुरहट, सीधी, सिहावल तथा धौहनी के लिए मतदान सामग्री तथा ईव्हीएम के वितरण के लिए विधानसभावार अलग-अलग काउंटर बनाये गये हैं। मतदान सम्पन्न होने के बाद शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी (पुराना भवन) में ही ईव्हीएम तथा मतदान सामग्री जमा की जायेगी।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने संबंधित अधिकारियों से सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में सामग्री वितरण के लिए की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि सभी सेक्टर आफीसर अपने मतदान दलों के साथ रवाना होंगे तथा मतदान दलों के मतदान केन्द्रों में पहुंचने की रिपोर्ट भेजेंगे। मतदान दल सामग्री प्राप्त करने के बाद चेकलिस्ट के साथ उसका मिलान करके यहां से रवाना होंगे। सभी सहायक रिटर्निंग आफीसर तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मतदान केन्द्रों में मतदान दलों के ठहरने, भोजन, साफ-सफाई, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रत्येक मतदान केन्द्र में एक स्थानीय कर्मचारी मतदान दलों के सहयोग के लिए उपस्थित रहे। मतदान दलों को ले जाने वाले सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगा है उसकी कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग होगी। कोई वाहन खराब होता है तो तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी आयोग के निर्देशों के अनुसार शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं त्रुटि रहित निर्वाचन सम्पन्न करायें।

# मतदाताओं के बीच पहुंचे कमिश्नभर-एडीजीपी, दिया 100 प्रतिशत मतदान का संदेश

**शहडोल।** शहडोल संभाग के कमिश्नर श्री बी.एस. जामोद तथा शहडोल पुलिस जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री डी.सी. सागर ने जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के समीप मतदाताओं की चौपाल लगाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर श्री आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह पवार, अपर कलेक्टर श्री अमन वैष्णव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर श्री महिपाल सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर श्री दिलीप पाण्डेय, एसडीओपी अनूपपुर श्री सुमित केरकेट्टा सहित शासकीय सेवक व बड़ी संख्या में मतदाता उपस्थित थे।

# अब की बार 400 पार, फिर इस बार मोदी सरकार

**सीधी।** विधानसभा सिहावल के विकास पुरुष लोकप्रिय विधायक विश्वामित्र पाठक द्वारा विधानसभा क्षेत्र सिहावल के मंडल बहरी अंतर्गत ग्राम लौआर बिछरी, बरबधा, नकझर केवट बस्ती, कुकराव, गजरही, मलखम, पोखरा रोदो टोला, पोंडी एवं सिहौलिया में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी आदरणीय डॉ. राजेश मिश्रा के समर्थन में जनसंपर्क किया गया एवं दिव्य भारत, भव्य भारत के निर्माण के लिए विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता माननीय नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार सरकार बनाने के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए जनता जनार्दन से आग्रह किया गया।



उक्त जनसंपर्क यात्रा में अनिल पांडेय जिला उपाध्यक्ष, अर्जुन उपाध्याय पूर्व मंडल अध्यक्ष बहरी, अशोक शुक्ला पूर्व मंडल महामंत्री मंडल बहरी, विनीत राही, शिवपूजन दीक्षित, पुष्पेंद्र पाण्डेय, नीरज सिंह, रामलाल विश्वकर्मा, गैवीनाथ पाण्डेय, पंचकेश पाण्डेय, रूपऊआ सिंह, बच्चूलाल सिंह, शिवेंद्र सिंह, जय सिंह, सुनील सिंह, रामलाल सिंह सरपंच कुंझुन, विपिन बिहारी पाण्डेय, शेष मो. अंसारी, सरपंच नकझर खुर्द, हीरालाल सिंह, गुलजार मो., राजीव लोचन तिवारी, अनुशूईया शुक्ला, पुष्पराज सिंह चौहान, राजकुमार सिंह नेटी, सरपंच खोंचीपुर, कमलेंद्र सिंह सरपंच पोखरा, लालमणि प्रधान, लालमणि साहू, रामप्रसाद सिंह, संतोष पाठक, अनूप सिंह, दिलराज सिंह, शिवराज सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं देवतुल्य जनता जनार्दन उपस्थित रहे।

# नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए 19 अप्रैल 2024 को मतदान कराया जाएगा। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा तैयारियों की विस्तृत समीक्षा नोडल अधिकारियों से की गई। कलेक्टर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अंतिम 72 घंटे तथा 48 घंटे के लिए जारी निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यवाहियां सुनिश्चित करें। सभी अभ्यर्थियों को अनुमतियां समय से जारी की जाए तथा उनके द्वारा किए जा रहे खर्चो का संपूर्ण विवरण शैडो रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज करायें। कलेक्टर ने सभी मतदान केन्द्रों में ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# मतदान व्यवस्थाओं के लिए 415 वाहनों का होगा उपयोग

## जीपीएस लगे वाहनों से मतदान केन्द्र जाएगी ईव्हीएम

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए सीधी जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान कराने के लिए 18 अप्रैल को निर्धारित वाहनों से मतदान दल मतदान सामग्री के साथ प्रस्थान करेंगे। मतदान दलों को ले जाने वाले वाहनों में जीपीएस लगाये गये हैं। इसके साथ-साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट, तथा सहायक रिटर्निंग आफीसर के वाहनों में भी जीपीएस लगाया गया है। मतदान व्यवस्थाओं के लिए 415 वाहनों का उपयोग किया जायेगा। सभी वाहनों का अधिग्रहण करके निर्धारित पार्किंग स्थल संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के प्रांगण में सुव्यवस्थित किया जा रहा है।

इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले में 265 रूट बनाए गए हैं जिनके लिए 415 वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। इनमें 285 बसें तथा 130 छोटे वाहन शामिल हैं। लगभग 10 प्रतिशत वाहन रिजर्व रहेंगे। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट में 59 रूट के लिए रिजर्व सहित 64 बसें तथा 34 छोटे वाहन, 77-सीधी में 72 रूट के लिए रिजर्व सहित 77 बसें तथा 31 छोटे वाहन, 78- सिहावल में 67 रूट के लिए रिजर्व सहित 72 बसें तथा 27 छोटे वाहन एवं 82-धौहनी में 72 रूट के लिए रिजर्व सहित 72 बसें तथा 38 छोटे वाहन उपयोग में लिए जाएंगे। ईव्हीएम का परिवहन करने वाले सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम तथा निर्धारित रूट चार्ट लगाया गया है।

# लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर का तृतीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न




**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को मतदान कराया जाएगा। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर का तृतीय रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अभिषेक कृष्णा (आईएएस) की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में जिला सूचना अधिकारी एनआईसी सीधी दशरथ प्रजापति तथा सिंगरौली गौरव पाण्डेय द्वारा किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिंगरौली चंद्रशेखर शुक्ला तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शहडोल तरुण भटनागर वर्चुअली वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे तथा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित रहे।

रेंडमाइजेशन के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही, संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर चुरहट शैलेश द्विवेदी, सीधी प्रिया पाठक, सिहावल प्रशांत त्रिपाठी, चितरंगी सुरेश जादव, सिंगरौली सृजन वर्मा, देवसर अखिलेश सिंह, धौहनी आर पी त्रिपाठी, ब्यौहारी नरेंद्र सिंह धुर्वे सहित निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

**सीधी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में 11 मई 2024 दिन शनिवार को जिला न्यायालय सीधी एवं सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन तथा मझौली में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 11.05.2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किए जाने के उद्देश्य से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण के साथ प्रीसिटिंग बैठक का आयोजन सोमवार दिनांक 15.04.2024 को ए.डी.आर. भवन जिला सीधी में किया गया।

## राहुल गांधी संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं

# कमलेश्वर पटेल को जिताकर उनके हाथ मजबूत करें : अजय

**सीधी।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक अजय सिंह ने आज चुरहट विधानसभा क्षेत्र के हनुमानगढ़ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की मानसिकता ही ठीक नहीं हैद्य पहले वह वह हिंदू मुसलमान करती रही और अब अन्य समाजों में भी लड़ाई करवा रही हैद्य हमारी लड़ाई तो संविधान बचाने की हैद्य यह लोग बार-बार 400 पार का नारा इसलिए देते हैं ताकि संविधान को बदल दें। लेकिन कांग्रेस पार्टी ऐसा नहीं होने देगीद्य यह तभी संभव है जब हम हर क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवारों को जिताकर लोकसभा में भेजेंद्य इस चुनाव में हमें सीधी लोकसभा क्षेत्र से भाई कमलेश्वर पटेल को हर हालत में जिता कर लोकसभा में भेजना है।



उन्होंने कहा कि आपने मुझे यहां से विधायक चुनकर भोपाल भेजा और यदि कमलेश्वर पटेल दिल्ली पहुंच जाते हैं तो हमारे हाथ और मजबूत होंगेद्य जिस तरह आपने हमें चुनकर भोपाल भेजा है इसी तरह अब कमलेश्वर पटेल को भी भारी बहुमत से विजयी बनाकर लोकसभा में भेजें। उन्होंने कहा कि आदरणीय राहुल गांधी जी लगातार संविधान को बचाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने हजारों किलोमीटर पैदल चलकर भारत की आम जनता का दुख दर्द समझा और उसके अनुरूप कांग्रेस का घोषणा पत्र तैयार किया है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि कमलेश्वर पटेल को भारी बहुमत से जिता कर लोकसभा में भेजकर कांग्रेस और राहुल जी के हाथ मजबूत करे।

## संपादकीय

# न्याय पर दबाव

आजकल न्यायपालिका में चल रही हलचल का असर अक्सर सामने दिखने लगता है। न्यायपालिका की साख की चिंता स्वाभाविक और स्वागतयोग्य है। कोई आश्चर्य नहीं, देश के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के एक समूह ने भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिशों के खिलाफ कार्रवाई का आग्रह किया है। हाल के दिनों में न्यायपालिका के सर्वोच्च अंग को पत्र लिखकर सचेत करने की यह तीसरी कोशिश है। ऐसे दो पत्र अधिवक्ताओं के जरिये पहले आ चुके हैं और तीसरा पत्र पूर्व जजों ने लिखा है, इसलिए इसका महत्व ज्यादा है। दरअसल, अधिवक्ता तो अलग-अलग विचारधारा के हिसाब से विभाजित हैं। अधिवक्ताओं के एक समूह को लगता है कि सर्वोच्च न्यायालय पर अनावश्यक नैतिक दबाव बनाकर फैसले कराए जा रहे हैं और इसको रोका जाना चाहिए। दूसरे समूह को लगता है कि न्यायपालिका को किसी भी तरह के दबाव में नहीं आना चाहिए। ताजा पत्र में इन पूर्व न्यायाधीशों ने सोचे-समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक अपमान के माध्यम से न्यायपालिका को कमजोर करने की बढ़ती कोशिशों की ओर ध्यान खींचा है।

पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि भारतीय न्यायपालिका के आलोचक संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों और व्यक्तिगत हितों से प्रेरित हैं। वैसे, न्यायमूर्तियों को उदाहरण के साथ बताना चाहिए था कि पिछले दिनों क्या ऐसी घटनाएं हुई हैं या क्या ऐसे फैसले हुए हैं, जिनसे लगता है कि सर्वोच्च न्यायालय दबाव में है? कोई दोराय नहीं कि किसी भी लोकतंत्र में अलग-अलग प्रकार के दबाव समूह काम करते हैं और अपने अनुरूप फैसले लेना चाहते हैं। अच्छा लोकतंत्र तो वही है, जहां किसी फैसले का पूरा संदर्भ लोगों को पता हो। यह अक्सर कहा जाता है कि न्याय करने से ज्यादा जरूरी है, लोगों में न्याय का एहसास पैदा करना। आदर्श न्याय यही है कि दोषी को भी अपने अपराध का एहसास हो जाए और वह सजा मंजूर कर ले। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि आज अनेक ऐसे न्यायिक निर्णय हैं, जिन पर पक्ष और विपक्ष की अलग-अलग राय है। विपक्ष को लगता है कि न्यायपालिका किसी दबाव में आकर कुछ फैसले कर रही है, जबकि सत्ता पक्ष को लगता है कि विपक्ष न्यायपालिका के फैसले को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। हां, पिछले दिनों एकाध बार देखा गया कि विपक्ष ने सीधे न्यायमूर्तियों की निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए, वह लोकतंत्र और न्याय की दुहाई देता रहा है। यह एक प्रकार का भावुक भयादोहन है, जिस पर विस्तार से विमर्श की जरूरत है।

बहरहाल, यह उजागर तथ्य है कि अदालतें इसी समाज का हिस्सा हैं। अदालतों से समाज और समाज से अदालतें प्रभावित होती हैं। यह कहना उचित नहीं कि अदालतों को समाज से प्रभावित नहीं होना चाहिए। ज्यादा उचित तो यह है कि अदालतें अपने किसी भी फैसले को सिर्फ संविधान की कसौटी पर कसें और समाज में न्याय के संदेश का विस्तार करें। दबाव पक्ष का हो या विपक्ष का, न्यायालय को किसी के दबाव में नहीं आना चाहिए। न्यायपालिका में न्याय सुनिश्चित करना, गरीबों और शोषितों को मजबूत करने की दिशा में जितनी जिम्मेदारी न्यायमूर्तियों पर है, उतनी ही जिम्मेदारी अधिवक्ताओं पर भी है। ऐसा हो नहीं सकता कि मौका आने पर अधिवक्ता अपनी जिम्मेदारी से भागें और सिर्फ न्यायमूर्तियों से न्याय की उम्मीद करें।

# जब जंग में सीधे उतर आया ईरान

**आखिर ईरान को युद्ध में सीधे कूदने की जरूरत क्यों पड़ी? ईरान और इजरायल के बीच वैसे भी भौगोलिक दूरी ज्यादा है। दरअसल, दोनों देशों के बीच तनातनी को समझने के लिए 1979 में हुई ईरान की क्रांति को समझना पड़ेगा। ईरान में तब इस्लाम के नाम पर क्रांति हुई थी। ईरान की बुनियाद वैचारिक है, इस्लाम आधारित है। वह पूरी मुस्लिम दुनिया का नेतृत्व करना चाहता है, पर शिया-सुन्नी का भेद बाधा है। सुन्नी मत की प्रधानता वाले मुस्लिम देश शिया ईरान को नेतृत्व के रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होते हैं। ईरान में इस्लाम के नाम पर हुई क्रांति के बाद अयातुल्लाह खुमैनी ने जब सत्ता संभाली थी, तब उन्होंने सऊदी अरब के साथ विवाद शुरू कर दिया था। मक्का-मदीना पर कब्जे का मनसूबा था, मगर कामयाब नहीं हो पाए। ईरान जब सऊदी अरब को झुका या मना नहीं सका, तब उसने अपने प्लान-बी को आजमाया। ईरान के लिए यह आसान था कि वह इजरायल का विरोध करे और फलस्तीन का समर्थन। ध्यान रहे, ईरान इस पूरे क्षेत्र में अकेला देश है, जो येरुशलम दिवस मनाता है। फलस्तीन का समर्थन करने के लिए इजरायल का विरोध करना ईरान की उस इस्लामी रणनीति का हिस्सा है, जिस पर वह विगत चार दशक से चल रहा है।**

**पंकज तोमर**

ईरान ने आखिर इजरायल पर हमला कर ही दिया। इसकी आशंका विगत सप्ताह से जताई जा रही थी और इसके साथ ही पहले से जारी युद्धों से दुखी लोगों की दुनिया में चिंता की एक नई लहर दौड़ गई है। छह महीने से जारी हमास-इजरायल की घातक जंग में हजारों लोग मारे गए हैं और अब अगर ईरान के मोर्चे पर भी जंग छिड़ती है, तो न जाने कितने लोग मारे जाएंगे?

आखिर ईरान को युद्ध में सीधे कूदने की जरूरत क्यों पड़ी? ईरान और इजरायल के बीच वैसे भी भौगोलिक दूरी ज्यादा है। दरअसल, दोनों देशों के बीच तनातनी को समझने के लिए 1979 में हुई ईरान की क्रांति को समझना पड़ेगा। ईरान में तब इस्लाम के नाम पर क्रांति हुई थी। ईरान की बुनियाद वैचारिक है, इस्लाम आधारित है। वह पूरी मुस्लिम दुनिया का नेतृत्व करना चाहता है, पर शिया-सुन्नी का भेद बाधा है। सुन्नी मत की प्रधानता वाले मुस्लिम देश शिया ईरान को नेतृत्व के रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होते हैं। ईरान में इस्लाम के नाम पर हुई क्रांति के बाद अयातुल्लाह खुमैनी ने जब सत्ता संभाली थी, तब उन्होंने सऊदी अरब के साथ विवाद शुरू कर दिया था। मक्का-मदीना पर कब्जे का मनसूबा था, मगर कामयाब नहीं हो पाए। ईरान जब सऊदी अरब को झुका या मना नहीं सका, तब उसने अपने प्लान-बी को आजमाया। ईरान के लिए यह आसान था कि वह इजरायल का विरोध करे और फलस्तीन का समर्थन। ध्यान रहे, ईरान इस पूरे क्षेत्र में अकेला देश है, जो येरुशलम दिवस मनाता है। फलस्तीन का समर्थन करने के लिए इजरायल का विरोध करना ईरान की उस इस्लामी रणनीति का हिस्सा है, जिस पर वह विगत चार दशक से चल रहा है।

मतलब, ईरान के लिए इजरायल कोई भू-रणनीतिक आधार या नजरिया नहीं है, उसका विरोध सिर्फ संप्रदाय आधारित है। विडंबना देखिए, साल 1979 से पहले जब ईरान में शाह शासन था, तब ईरान-इजरायल की दोस्ती थी। दोनों देश अमेरिका के करीबी थे, मगर जब ईरान में इस्लामी क्रांति हुई, तो सब कुछ बदल गया। अरब दुनिया की कूटनीति और राजनीति भी बदल गई। इजरायल का विरोध करना ईरान के लिए मानो बाध्यता हो गई है, अब वह इजरायल के विरोध में अपने लिए वैधता या मान्यता तलाशता है।



खैर, अब जब ईरान ने हमला कर दिया है, तब भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग वहां होंगे, जो नहीं चाहेंगे कि संघर्ष या युद्ध बढ़े। सच है कि इजरायल के खिलाफ लड़ने वाले आतंकी संगठनों को ईरान से मदद मिलती रही है। वह आतंकियों को हथियार भी देता रहा है और प्रशिक्षण भी। हमास और हिज्बुल्लाह को ईरान के जरिये करीब 25 साल से मदद मिलती रही है। हिंसा बढ़ते-बढ़ते, हालात बिगड़ते-बिगड़ते और खासतौर पर 7 अक्तूबर के बाद अब ऐसी नौबत आ गई है कि ईरान को सीधे हमला करना पड़ा है। जब हमास ने इजरायल पर खूंखार ढंग से हमला किया था, तभी इजरायल ने साफ कर दिया था कि आतंकी संगठनों को ईरान का संरक्षण मिल रहा है। ऐसे में, इजरायल भला क्यों नहीं चाहेगा कि वह ईरान को कमजोर करे? यह भी एक कारण है कि इजरायल शुरू से ही ईरान के परमाणु कार्यक्रम का विरोध करता रहता है। खासकर साल 2002 में जब ईरानी परमाणु कार्यक्रम सबके सामने आ गया, तब से इजरायल और अमेरिका, दोनों ईरान का विरोध करते आ रहे हैं। ईरान और इजरायल के बीच कोई भौगोलिक दुश्मनी नहीं है, पर एक-दूसरे का विरोध करते नौबत जंग तक पहुंच गई है।

अब सवाल यह है कि आगे क्या होगा? शायद ईरान भी नहीं चाहेगा कि पूरे क्षेत्र में संघर्ष फैले। अमेरिका भी यह नहीं चाहेगा, इसलिए अमेरिका ने इजरायल से कहा है कि वह उसे अपनी जवाबी रणनीति के बारे में बताए। जरूरी नहीं कि इजरायल बात मान जाए, पर अमेरिका में ऐसे लोग हैं, जो कह रहे हैं कि हम इजरायल की जवाबी कार्रवाई का समर्थन नहीं करेंगे। फिर भी मुझे लगता है कि इजरायल आने वाले दिनों में ईरान के खिलाफ कुछ न कुछ जरूर करेगा। हो सकता है, आगे बड़ा हमला नहीं हो। वास्तव में, अभी कोई देश नहीं चाहता कि एशिया के व्यापक हिस्से में बड़े पैमाने पर युद्ध छिड़ जाए, क्योंकि अगर बड़ा युद्ध छिड़ता है, तो फिर फ्रांस, जर्मनी, रूस जैसे देश भी उसमें कूद पड़ेंगे।

ज्यादा संभावना यही है कि दोनों देशों के बीच भले समझौता न हो, मगर दोनों को युद्ध विराम के लिए तैयार कर लिया जाएगा। गौर करने की बात है कि जितनी मिसाइलें ईरान के पास हैं, उनसे ज्यादा उन्नत इजरायल के पास हैं। ईरान के लिए भी युद्ध आसान नहीं है। अभी बताया जा रहा है कि ताजा हमले में उसने करीब 300 मिसाइलें दागी हैं, जिनमें से 99 फीसदी को इजरायल ने अपनी बेहतर तकनीक से नाकाम कर दिया है। ईरान भी किसी बड़ी जंग के पक्ष में नहीं होगा, क्योंकि वहां जो सरकार है, उसकी लोकप्रियता काफी घट गई है। युवा पीढ़ी मुल्ला-सियासत का विरोध कर रही है।

ताजा घटनाक्रम का एक पहलू यह भी है कि ईरान ने एक ऐसे कार्गो जहाज को रोक लिया है, जिस पर भारतीयों के साथ-साथ रूसी भी सवार हैं। अगर ईरान अपने नियंत्रण वाले समुद्री मार्ग पर पाबंदियां जारी रखता है, तो इससे पूरी दुनिया प्रभावित होगी। ओमान और फारस की खाड़ियों को जोड़ने वाले इस होर्मूज जलडमरूमध्य या समुद्री मार्ग से संसार का करीब 33 प्रतिशत तेल गुजरता है, वहीं से संसार का करीब 25 प्रतिशत प्राकृतिक गैस भी जाता है। ईरान चाहे, तो इस मार्ग को बंद रख सकता है, पर इससे उसके लिए भी मुश्किलें बढ़ेंगी। ईरान को यहां समझदारी का परिचय देना होगा। जरूरत से ज्यादा दुश्मनी ठीक नहीं।

ध्यान रहे, अमेरिका में यह चुनावी वर्ष है। रूस पहले ही एक युद्ध में लगा है। अरब देशों के लिए भी फैसला आसान नहीं है। बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन भी होंगे और चीन भी आर्थिक नुकसान नहीं चाहेगा, अतः किसी बड़े युद्ध की आशंका कम ही है।

जहां तक भारत का सवाल है। ईरान के साथ हमारा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक संबंध रहा है, पर इधर के दस वर्षों में इजरायल हमारा बेहतर रणनीतिक सहयोगी बनकर उभरा है। ऐसे में, युद्ध का विरोध ही भारत के हित में है। किसी भी एक पक्ष में झुकने से हमें बचना होगा। ईरान की घनिष्ठता चीन से बढ़ गई है। चीन अब ईरान का बड़ा सहयोगी बनकर उभरा है। ऐसे में, चीन सहित तमाम विकसित व प्रभावशाली देशों को यह कोशिश करनी चाहिए कि नया युद्ध न भड़के। ईरान और इजरायल, दोनों को ही इंसानियत और ज्यादा समझदारी का परिचय देना चाहिए।

# प्रजातंत्र नहीं, तो आप चुनकर कैसे आए

**मोनिका मिनल**

महोदय, जो बिल सदन में लाया गया है, मैं उसका समर्थन नहीं कर सकती हूं। सदन में मैंने डी एन रेड्डी और जयपाल रेड्डी का भाषण सुना है। उन्होंने यह कहा है, यदि यह बिल लीगलाइज हो गया, तब देश में 'डेमोक्रेसी' आएगी, अभी तक ऐसा नहीं है। जब डेमोक्रेसी नहीं है, तो... जयपाल जी इधर कैसे आए? हम लोग जो इधर आए हैं, डेमोक्रेसी के चलते आए हैं। यदि आप सारे देश की स्थिति देखें, तो आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम का राज है, कर्नाटक में हेगड़े जी का राज है, पंजाब में अकाली का राज है, वहां बरनाला जी हैं, असम में एजीपी का राज है और त्रिपुरा में नितेन चक्रवर्ती, सीपीएम का राज है। हमारे राज्य पश्चिम बंगाल में मार्क्सवादी पूंजीवादी सीपीएम का राज है। फिर भी आप कहते हैं कि डेमोक्रेसी नहीं है, क्लीन डेमोक्रेसी नहीं है, चुनाव के नियम ठीक नहीं हैं, तो भारतवर्ष में विपक्षी दल कैसे चुनकर आ रहे हैं?



मार्क्सवादियों का गणतंत्र को खत्म करने का जो षड्यंत्र है, इसको अगर देखना है, तो पश्चिम बंगाल में आकर देखिए। पश्चिम बंगाल में जो इलेक्टोरल रोल्स है, उनको पूरी तरह से बदलना चाहिए। पश्चिम बंगाल में मतदातओं के नाम मतदाता सूची से काट दिए जाते हैं और मतदाता सूचियों के साथ गड़बड़ी की जाती है। वहां भारत के विधि मंत्री अशोक सेन का नाम मतदाता सूची में नहीं है। एक पूर्व मुख्यमंत्री प्रफुल्ल चंद्र सेन का नाम मतदाता सूची में नहीं हैं। हजारों नाम मतदाता सूची से काट दिए गए हैं और अगर कुछ दिन और ये सत्ता में रह जाते हैं, तो मतदाता सूची में मार्क्सवादी कॉमरेड का नाम ही आएगा और दूसरे किसी आदमी का नाम नहीं आएगा। यह कितनी शर्म की बात है कि विधि मंत्री का नाम मतदाता सूची में नहीं है? जो देश के लिए कानून बनाता है, उसका नाम मतदाता सूची से काट दिया गया? यह कितनी शर्म की बात है और ये लोग सदन में हम लोगों के खिलाफ बोलते हैं?

मेरा कहना यह भी है कि आप पहचान पत्र मतदाताओं को दीजिए। पश्चिम बंगाल में जो इलेक्टोरल रोल्स हैं, उनमें छोटे-छोटे बच्चों का भी नाम है और किसी मार्क्सवादी के पिता अगर मर जाते हैं, तो उनका भी नाम मतदाता सूची में रहता है। जब चुनाव होता है, तो उनके नाम पर भी वोट पड़ जाता है। यह कैसे होता है? मतदाता सूची में फर्जी नाम भी होते हैं और उनके नाम से वोट समय से पड़ जाता है। इसलिए मैं कहना चाहूंगी कि सब मतदाताओं को पहचान पत्र दिए जाएं। अगर ऐसा किया गया, तो स्थिति नियंत्रण में आ जाएगी। ...चुनाव से पहले ये लोग गांव में जाते हैं और रास्ते पर सड़क बनाने के लिए ईंटें गिराते हैं और गांव वालों को गेहूं देते हैं, चावल देते हैं और साड़ियां देते हैं और उनसे कहते हैं कि हम लोगों को वोट दीजिए, हम सब गरीबों के दोस्त हैं। केंद्र सरकार जो रुपये देती है, ...वे रुपये राज्य सरकार खर्च नहीं करती और चुनाव के समय खर्च किया जाता है। ...प्रशासन में भी मनमानी करके ये अपने लोगों को मतदान के काम में लगाते हैं। ... सीपीएम के कॉडर का सुपरवाइजर घर-घर में जाता है और कांग्रेस के वोट काट देता है।...

हमारी कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष हैं सीताराम केसरी। कोष वही संभालते हैं। ...मार्क्सवादी पार्टी में कोषाध्यक्ष क्यों नहीं होता? क्योंकि कोषाध्यक्ष होने से सबको मालूम हो जाएगा कि आपके पास कितने रुपये हैं और वे रुपये आपके पास कहां से आते हैं? इसीलिए आप लोग अपनी पार्टी में कोषाध्यक्ष नहीं रखते हैं। पहले आपकी पार्टी का दफ्तर मिट्टी के मकान में था, लेकिन अब आठ वर्ष पहले जब से आप सत्ता में आए हैं, उसके बाद से आपकी पार्टी के पास बहुत बड़ा भवन हो गया है। आज पांच मंजिली इमारत में आपकी पार्टी का दफ्तर है। ये रुपये आपके पास कहां से आए? ये सारे रुपये, करोड़ों रुपये, आपने सत्ता में आने के बाद पार्टी के लिए इकट्ठा किए। अगर आपकी पार्टी में कोषाध्यक्ष होगा, तो यह सारा सबको मालूम हो जाएगा, इसीलिए आप लोग अपनी पार्टी में कोषाध्यक्ष नहीं रखते हैं।

पश्चिम बंगाल में बूथ कैप्चरिंग होती हैं, बोगस वोटिंग होती है। वहां पुलिस के पास न ढाल है, न तलवार है, न कोई हथियार है। बूथों पर पुलिस के लोगों को लाठी लेकर खड़ा कर दिया जाता है। इससे पुलिस के लोग कैसे बूथ कैप्चरिंग या बोगस वोटिंग को रोक सकते हैं? यह जो वहां चल रहा है, उसको रोका जाना चाहिए।

## वर्ग पहेली 5343

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | ■ | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | 9 | |
| | ■ | 10 | | | ■ | 11 | |
| 12 | 13 | | ■ | 14 | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | | | ■ | 18 |
| ■ | 19 | 20 | ■ | | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | ■ | 23 | | |
| | ■ | 24 | | | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. डिस्कवरी ऑफ इंडिया के लेखक और प्रमुख राजनीतिज्ञ की आज पुण्य तिथि है (6)
7. सिंचाई आदि के लिए बनाया गया कृत्रिम जलमार्ग (3)
8. मुंह या किनारे तक, लबालब (4)
10. येन मुद्रा का प्रचलन इस देश में है (3)
11. जंगल, अरण्य, कानन (2)
12. खरी-खोटी कहना, श्रवण कराना (3)
14. रसीद, पहुंच पत्र, प्राप्ति की स्वीकृति (3)
16. शास्त्रीय संगीत में स्वर का विस्तार, तानने की क्रिया (2)
17. समा जाना (3)
19. चौकोर चीज, पांसा (2)
21. दीर्घ मात्रा (2)
22. सौ करोड़ की संख्या (3)
23. कक्षा, समुदाय, संघ (3)
24. भगवान श्रीरामचंद्र के नामों में से एक (5)

**ऊपर से नीचे**

1. जनक की पुत्री होने के कारण सीता का एक नाम (5)
2. एक प्रशंसा सूचक शब्द, धन्य (2)
3. हानि का बदला, क्षतिपूर्ति (4)
4. प्रेम करना और पालना (6)
5. अधर, रदपट, ओंठ, ओष्ठ (2)
6. स्वकुल, आत्मीयजन, अपने लोग (3)
9. सत्ताईस नक्षत्रों में से अंतिम नक्षत्र, पुराणानुसार राजा रेवत की पुत्री बलराम की पत्नी थी (3)
13. सेवक को जीविका हेतु पुरस्कार में दी जाने वाली जमीन यह कहलाती थी (4)
15. अवस्था, उम्र (2)
18. यह लेबनान की राजधानी है (3)
20. इस मुगल शासक का मूल नाम जहीरूद्दीन मुहम्मद बादशाह था, इसका अरबी शब्द का अर्थ बाघ होती है (3)
21. बदगुमानी, कुधारणा (3)
22. यह एक राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम है(2)

### वर्ग पहेली 5342 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मी | र | खु | स | रो | ■ | ■ |
| दा | ना | ■ | द | हे | ज | ■ | ज |
| ■ | र | जा | ■ | ली | ना | ■ | न |
| भू | ■ | म | म | ■ | म | म | ता |
| ■ | सा | वं | त | ■ | चा | ल | ■ |
| कु | ■ | त | ल | ब | ■ | य | क्ष |
| वै | ट | ■ | बी | ना | ■ | गि | ■ |
| त | ब | का | ■ | ना | ग | रि | क |

# कश्मीर घाटी में बदली हुई फिजा और चुनावी मुकाबला

**हिमांशी अवस्थी**

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव से पहले दोनों संघ शासित क्षेत्रों- जम्मू-कश्मीर व लद्दाख की छह संसदीय सीटें यहां की राजनीतिक पार्टियों के लिए सेमीफाइनल बन गई हैं। करीब दस साल बाद इस वर्ष सितंबर तक जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। बहरहाल, इन छह संसदीय सीटों में से दो सीटें- उधमपुर-डोडा-कठुआ और अनंतनाग-राजौरी सीट भाजपा के लिए 'हॉट सीट' बन गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह उधमपुर-डोडा-कठुआ संसदीय सीट से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। यहां पहले चरण में ही 19 अप्रैल को मत पड़ेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी लाल सिंह से उनका मुकाबला है। लाल सिंह भी यहां से पूर्व में दो बार चुनाव जीत चुके हैं। कांग्रेस ने 2014 के चुनाव में उनका टिकट काटकर गुलाम नबी आजाद को मैदान में उतारा था, मगर आजाद भाजपा प्रत्याशी डॉ जितेंद्र सिंह से बुरी तरह हार गए थे। इस बार यहां मुकाबला तिकोना है, क्योंकि गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी ने भी पूर्व मंत्री जी एम सरूरी को खड़ा कर दिया है। जितेंद्र सिंह इस दावे के साथ वोट मांग रहे हैं कि देश की यह पहली संसदीय सीट है, जहां सबसे ज्यादा विकास हुआ है, जिनमें तीन मेडिकल कॉलेज भी शामिल हैं, वहीं कांग्रेस उम्मीदवार लाल सिंह अपनी गिरफ्तारी और सहानुभूति के नाम पर वोट मांग रहे हैं। वह वोटरों से यह भी कह रहे हैं कि भाजपा बाहरी कारोबारियों को यहां बसाकर आपकी जमीनों का मालिकाना हक उनको दे देगी।

जम्मू-कश्मीर परिसीमन आयोग की 2022 की रिपोर्ट के बाद जम्मू संभाग के दो सीमावर्ती जिलों, पूंछ और राजौरी को जम्मू संसदीय सीट से काटकर कश्मीर के अनंतनाग जिले से जोड़ दिया है और इसका नया नाम अनंतनाग-राजौरी-पूंछ संसदीय सीट रखा गया है। पीडीपी प्रमुख व सूबे की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्व मंत्री व गुज्जर धर्मगुरु मियां अल्ताफ, अपनी पार्टी के जफर मन्हास और पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद भी यहां से मैदान में हैं। भाजपा ने अभी तक यहां से अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। चर्चा है कि गुलाम नबी आजाद भाजपा और अपनी पार्टी से वार्ता कर रहे हैं, ताकि उनका रास्ता निरापद हो जाए। ऐसे में, यह भी हॉट सीट बन गई है।

अनंतनाग-राजौरी-पूंछ सीट राष्ट्रपति शासन के दौरान गठित हुई है। यहां सबसे ज्यादा गुज्जर-बकरवाल और पहाड़ी मतदाता हैं। अनंतनाग जिले में अधिकतर मतदाता कश्मीरी हैं। भाजपा ने यहां से इसलिए भी अधिक उम्मीदें बांधी हैं, क्योंकि केंद्र ने गुज्जर-बकरवाल को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया है। जम्मू-रियासी संसदीय सीट से दो बार से भाजपा सांसद जुगल किशोर शर्मा तीसरी बार मैदान में हैं। उनका सीधा मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार रमन भल्ला से है। श्रीनगर संसदीय सीट भी काफी दिलचस्प बनती नजर आ रही है, क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला ने घोषणा की है कि सेहत ठीक न रहने की वजह से वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। ऐसे में, उमर अब्दुल्ला के मैदान में आने की अधिक संभावना है।

इस बार लद्दाख सीट पर भी कड़ी टक्कर होने जा रही है। यह सीट बनाए रखने के लिए भाजपा ने अपना पूरा जोर लगा दिया है। इसमें कोई शक नहीं है कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद कश्मीर में विकास सबसे बड़ा मुद्दा है। भाजपा बता रही है कि कश्मीर में हिंसा घट गई है, पत्थरबाजी रुक गई है और विकास तेज हो गया है। पहले कश्मीर में विकास रुक गया था और पिछड़ों को विकास या सरकारी योजनाओं का कोई फायदा नहीं हो रहा था। बुनियादी रूप से शांति और विकास को गति मिलने का फायदा भाजपा को होता दिख रहा है।

# आज का राशिफल

### मेष

कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

### वृषभ

व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

### तुला

धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

### वृश्चिक

घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा।

### मिथुन

शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

### कर्क

रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

### धनु

चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है।

### मकर

थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा।

### सिंह

समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़नेके अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

### कन्या

महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

### कुंभ

कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा।

### मीन

प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र में बेटी-बहू की जंग में सुप्रिया आगे, आईएनडीआईए को मिल सकती हैं 20 सीटें



**मुंबई, एजेंसी।** पहले चरण के चुनाव से ठीक पहले एक न्यूज चैनल द्वारा किए गए पोल सर्वे के नतीजे जारी किए हैं। सर्वे में कहा गया है कि महाराष्ट्र की कुल 48 लोकसभा सीटों में से 28 एनडीए गठबंधन को और 20 एमवीए गठबंधन को मिल सकता है। सर्वे में कहा गया है कि राज्य में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी हो सकती है और उसे 25 सीटें मिल सकती हैं। इसके अलावा उसकी सहयोगी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को तीन सीटें मिल सकती हैं, जबकि एनडीए के तीसरे सहयोगी अजित पवार की एनसीपी को एक भी सीट नहीं मिल सकती है। सर्वे नतीजों में कहा गया है कि अजित पवार को डबल झटका लग सकता है। पहला तो उनकी पार्टी का खाता नहीं खुल सकता है और दूसरा उनकी पत्नी बारामती सीट से चुनाव हार सकती हैं। अजित पवार ने पत्नी सुनेत्रा पवार को पवार परिवार का गढ़ कहेजाने वाले बारामती सीट पर अपनी ही बहन और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के खिलाफ उतारा है। सर्वे में कहा गया है कि इस सीट पर फिर से सुप्रिया सुले जीत सकती हैं। यानी एक तरह से महाराष्ट्र की जनता भतीजे अजित पवार को चाचा से बगावत करने की सजा दे सकती है। सर्वे के आंकड़ों में बताया गया है कि विपक्षी महा विकास अघाड़ी को 20 सीटें मिल सकती हैं। इनमें सबसे बड़ी पार्टी उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिव सेना हो सकती है, जिसे 10 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। सर्वे के मुताबिक कांग्रेस को 5 और शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी को भी पांच सीटें मिल सकती हैं।

### पहले तो 180 का अनुमान था, अब लगता है 150 पर ही सिमटेगी भाजपा : राहुल गांधी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने



गाजियाबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और भाजपा पर खूब हमला बोला। इस दौरान राहुल गांधी ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि पहले तो मुझे लगता था कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में करीब 180 सीटें मिल जाएंगे, लेकिन अब लगता है कि ये लोग 150 पर ही सिमट जाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष के आईएनडीआईए गठबंधन के पक्ष में खामोश लहर है। इस दौरान राहुल गांधी ने अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी के फैसले का पालन करूंगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी पूछा गया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आप पर तंज कसा है कि एक नेता एक झटके में गरीबी खत्म करने का दावा कर रहे हैं। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि गरीबी एक झटके में खत्म करने की बात किसी ने नहीं कही। लेकिन हमारे पास फॉर्मूला है, जिससे देश में गरीबी और असमानता खत्म हो सकती है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश के संसाधनों को 22 से 25 लोगों के बीच ही बांट दिया है। उसे हमको खत्म करना है और हर समाज की भागीदारी बढ़ानी है। इससे गरीबी अपने आप खत्म होने लगेगी। इसी मंशा से हम जातिगत जनगणना की मांग भी कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा तो संविधान तक खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह विचारधारा का चुनाव है, भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है, 'इंडिया' गठबंधन इसकी रक्षा कर रहा है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लोकसभा चुनाव में एक भी वोट बंटे नहीं। वहीं अखिलेश यादव ने कहा कि हम गाजियाबाद में इसलिए प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं क्योंकि यह यूपी का बॉर्डर है। यहीं से भाजपा को विदा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूपी के लोग अच्छे से स्वागत करना जानते हैं तो फिर जोरदार विदाई देना भी आता है। अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बदलाव की बयार बहेगी। गाजियाबाद से गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है।

### रेलवे देने वाला है बड़ी खुशखबरी, अब भारत खुद बनाएगा बुलेट ट्रेन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वंदे भारत एक्सप्रेस के बाद अब भारत स्वदेशी बुलेट ट्रेन की भी तैयारी कर रहा है। कहा जा रहा है कि प्रस्तावित ट्रेन की भारत की सबसे तेज रेलगाड़ी होगी। फिलहाल, इसकी डिजाइन पर काम जारी है। खासबात है कि विश्व स्तर पर 250 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ने वाली रेलगाड़ियों को हाईस्पीड ट्रेन कहा जाता है। इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक अधिकारी ने कहा, इसे वंदे भारत प्लेटफॉर्म पर तैयार किया जा रहा है, जो पहले ही 220 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार को छू सकती है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में डिजाइन पर काम किया जा रहा है। रिपोर्ट में अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि ये ट्रेन फिलहाल भारत में दौड़ रहीं किसी भी ट्रेन से तेज होंगी। भारत फिलहाल जापान की तकनीक की मदद से बुलेट ट्रेन तैयार कर रहा है। यह ट्रेन अहमदाबाद से मुंबई के बीच दौड़ेगी और 320 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार तक पकड़ सकती है।

# लॉरेंस बिश्नोई को खत्म कर देंगे, सलमान से मिलकर बोले सीएम शिंदे, गैंगस्टरों को चेतावनी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई में अभिनेता सलमान खान से उनके आवास पर मुलाकात के बाद कहा कि सरकार लॉरेंस बिश्नोई को खत्म कर देगी। अभिनेता से मुलाकात के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि सलमान खान के घर पर गोलीबारी के मामले में पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर कथित तौर पर गोलीबारी करने वाले एक व्यक्ति समेत दो लोगों को गुजरात से गिरफ्तार किया गया है। कच्छ-पश्चिम के उप महानिरीक्षक महेंद्र बागड़िया ने बताया कि बिहार के पश्चिम चंपारन के निवासियों विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) को सोमवार देर रात गुजरात के कच्छ जिले के माता नो माध गांव से गिरफ्तार किया गया। इस घटना के कुछ दिनों बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज दोपहर अभिनेता सलमान खान से मुलाकात की। सलमान से मिलने के बाद शिंदे ने कहा, मैंने सलमान खान से कहा है कि सरकार आपके साथ है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जाएगी। हम मामले की तह तक जाएंगे। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। किसी को भी इस तरह से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। किसी गैंग या गैंगवार की इजाजत नहीं दी जाएगी। हम



ऐसा नहीं होने देंगे। हम (लॉरेंस) बिश्नोई को खत्म कर देंगे।

यात्रा के दौरान, सीएम शिंदे ने गोलीबारी की घटना के मद्देनजर सलमान और उनके परिवार के सदस्यों को कड़ी सुरक्षा का आश्वासन दिया। सलमान के घर के बाहर मीडिया से बात करते हुए शिंदे ने कहा, मैंने सलमान खान से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ है। मैंने पुलिस को मामले में तत्काल कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और सुराग के लिए उनसे पूछताछ की जा रही है।

लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का इस घटना में हाथ होने का आरोप है। उसे खत्म करने की कसम खाते हुए, सत्तारूढ़ शिवसेना सुप्रीमो ने कहा, महाराष्ट्र में अब भी गिरोह बचे हैं। हम सभी को उखाड़ फेंकेंगे। गिरोहों और गुंडों को यहां अपनी मनमानी चलाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है...किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मैंने पुलिस आयुक्त को सलमान खान और उनके परिवार को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने का भी निर्देश दिया है। अपने लोगों की देखभाल करना हमारा कर्तव्य है। मैं पिछली सरकार के दौरान क्या हुआ, इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन हम राज्य में किसी को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वाले सभी गिरोहों और गुंडों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करेंगे।

रविवार को सुबह करीब पांच बजे, मुंबई के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट में 58 वर्षीय खान के घर के बाहर मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने गोलीबारी की और फरार हो गए। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों से पता चला कि जिन लोगों को आज गिरफ्तार किया गया, वे बैकपैक लेकर आए थे और टोपी पहनी हुई थी। उन्हें अभिनेता के घर की ओर गोलीबारी करते देखा गया। संदिग्धों में से एक ने काली जैकेट और डेनिम पैंट के साथ सफेद टी-शर्ट पहन रखी थी, जबकि दूसरे ने डेनिम पैंट के साथ लाल टी-शर्ट पहन रखी थी।

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने एक स्थानीय अदालत में मंगलवार को दलील दी कि यहां अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी उनकी हत्या के प्रयास के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों को सोमवार देर रात गुजरात के कच्छ जिले के माता नो माध गांव से पकड़ा गया और बाद में मुंबई लाया गया। पुलिस ने बताया कि घटना के समय गुप्ता मोटरसाइकिल चला रहा था और पाल उसके पीछे बैठा हुआ था तथा पाल ने अभिनेता के घर पर गोलीबारी की।

रविवार को सुबह करीब 11 बजे फेसबुक पर एक पोस्ट सामने आई, जिसमें गोलीबारी की जिम्मेदारी लेने का दावा किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस को संदेह है कि जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने रविवार को कथित तौर पर फेसबुक पोस्ट करने के लिए वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) का इस्तेमाल किया था।

## हमें जेल भेजना है, भेज दें पर 200 पार नहीं कर पाएगी भाजपा- ममता बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर मोदी सरकार पर हमला बोला है। एक टीवी चैनल को दिए एक



विस्फोटक इंटरव्यू में ममता बनर्जी ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों पर केंद्रीय जांच एजेंसियों - ईडी और सीबीआई की कार्रवाई को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। टीवी9 बांग्ला को दिए एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में ममता बनर्जी ने सधे हुए लहजे में कहा कि यदि वे मुझे भी जेल भेजते हैं तो मैं इसके लिए तैयार हूं।

**मेरा घर जेल की तरह :** इंटरव्यू में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री से सवाल किया गया कि राकेश टिकैत ने हाल ही में कहा था- केजरीवाल चले गए, हेमंत सोरेन चले गए, अब ममता बनर्जी की बारी है। इस बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, ममता बनर्जी किसी भी स्थिति के लिए तैयार है। मेरा घर एक जेल की तरह है। कोई फर्क नहीं पड़ता इससे। मैं इस डर से बैठने वालों में से नहीं हूं कि वे मुझे कब जेल भेज देंगे। अगर मैं जेल जाती हूं तो मुझे थोड़ा आराम मिलेगा। उनकी प्रताड़िना से बेहतर है कि मैं जेल चली जाऊं। देश के लोकतंत्र को ही जेल भेज दिया गया है।

**जो सपने देख रहे वे खो जाएंगे :** उल्लेखनयी है कि ममता बनर्जी ने हाल ही में कई बैठकों में संदेह जताया है कि बीजेपी 200 का आंकड़ा पार कर पाएगी या नहीं। उस संदर्भ में मुख्यमंत्री ने इंटरव्यू में कहा, पिछली बार उन्हें सबसे ज्यादा 303 मिले थे। एक बार भारत में कांग्रेस को 400 मिले, तब इंदिरा गांधी की मृत्यु हुई थी। राजीव जी स्वयं जानते थे। बंगाल में कांग्रेस को 16 सीटें मिलीं। उस समय लोगों की इच्छा और विद्रोह दोनों मतपेटिका में झलका। लोग इंदिरा गांधी की हत्या को स्वीकार नहीं कर पा रहे थे। मैंने कई प्रधानमंत्रियों को देखा है। अटलजी को भी देखा, उन्होंने इंडिया इज शाइनिंग का नारा भी लगाया। क्या लाभ हुआ? वे खो जाएंगे जो 400 पार करने का सपना देख रहे हैं। मुझे नहीं पता वे कैसे यह बात कहते हैं। एनडीए के 400 पार मिशन पर बोलते हुए ममता बनर्जी ने कहा, आने वाले दिनों में जनता तय करेगी कि सरकार किसकी बनेगी। इसकी संख्या कोई नहीं बता सकता, ज्योतिषी भी नहीं बता सकते। मुझे नहीं पता कि पीएम मोदी या भाजपा के लोग किस हिसाब से ऐसा कह रहे हैं।

**ममता ने जताया इंडिया पर भरोसा :** ममता बनर्जी ने मंगलवार को उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी में अपने अभियान भाषण के दौरान भगवा खेमे पर अपना हमला तेज करते हुए कहा कि भाजपा निचले सदन की 543 सीटों में से कम से कम 370 सीटें जीतने का सपना देख रही है... उसे 200 सीटें तक नहीं मिलेंगी।

## दो किमी लंबे रोडशो के साथ रूपाला ने भरा पर्चा, क्षत्रिय समाज के सामने जोड़े हाथ

**गांधीनगर, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला ने मंगलवार को गांधीनगर में दो किलोमीटर लंबा रोडशो निकालने के बाद अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा ने गुजरात की राजकोट लोकसभा सीट से उन्हें उम्मीदवार बनाया है। कुछ दिन पहले क्षत्रियों के संबंध में रूपाला के बयान पर राजपूत समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किए थे। रूपाला ने जब जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभाव जोशी को नामांकन पत्र सौंपा, तो उनके साथ गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी, पार्टी के राज्यसभा सदस्य केसरीदेव सिंह झाला और गुजरात सरकार में कैबिनेट मंत्री भानुबेन बाबरिया मौजूद थे। राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पी. भारती की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि गुजरात की 26 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए मंगलवार को 97 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। वहीं विधानसभा उपचुनाव के लिए आठ उम्मीदवारों ने मंगलवार को अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। उल्लेखनीय है कि विवादित बयान को लेकर क्षत्रिय समाज परषोत्तम रूपाला का टिकट रद्द करने की मांग रहा है। निर्वाचन अधिकारी की ओर से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल को सुबह 11 बजे से की जायेगी। मान्य उम्मीदवार यदि चाहें तो 22 अप्रैल को अपराह्न तीन बजे तक अपनी उम्मीदवारी वापस ले सकते हैं। भाजपा ने इस बार राजकोट सीट से दो बार के सांसद मोहन कुंडरिया की जगह रूपाला को मैदान में उतारा है।

# रेलवे में फर्जी नौकरी फिर सैलरी भी देने लगे, जालसाजों की गैंग का खुलासा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकारी नौकरी की चाहत में कुछ लोग जालसाजों के चक्कर में फंस जाते हैं। उन्हें लाखों रुपए गंवाने पड़ते हैं। लेकिन झारखंड से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक ऐसे गैंग का खुलासा हुआ है जो लोगों को रेलवे में फर्जी नौकरी देकर सैलरी भी देते थे। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन की विजिलेंस टीम ने चक्रधरपुर मंडल में नौकरी दिलाने वाले ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मंगलवार को गम्हरिया के पास बीरबांस हॉल्ट में बुकिंग क्लर्क बनकर कई सप्ताह से काम करने वाले तीन युवकों को दबोच लिया गया। युवकों को ट्रेनिंग देकर बुकिंग क्लर्क बनाने का झांसा देने वाले टिकट एजेंट डेविड सिंह को भी टीम ने पकड़ा है, जबकि मुख्य आरोपी अंशुमन फरार है।

**बुकिंग क्लर्क वाली फर्जी नौकरी :** फर्जी बुकिंग क्लर्क बनकर नौकरी कर रहे युवकों को पकड़ लिया गया है। विजिलेंस टीम की छापेमारी व रेलवे में फर्जी नौकरी का खुलासा होने से अफरातफरी मच गई। मंडल अधिकारी बीरबांस हॉल्ट पहुंचे व जानकारी ली। पूछताछ के कारण विजिलेंस टीम ने कुछ भी स्पष्ट नहीं किया और जोन मुख्यालय को




गिरोह की जानकारी दी है। गिरफ्तार युवकों और टिकट एजेंट से विजिलेंस टीम पूछताछ कर रही है।

**तीनों युवकों ने नौकरी के लिए दिए थे 21 लाख रुपए :** पूछताछ में सामने आया है कि टिकट एजेंट डेविड सिंह को तमिलनाडु के धीविन कुमार ने पांच लाख, पश्चिम बंगाल के नदिया के दो युवक रूपम शाह व शुभाशीष मंडल ने आठ-आठ लाख नौकरी के बदले दिए थे। फर्जी आईडी बना काम कराया जा रहा था। युवकों ने बताया कि डेविड सिंह, अंशुमन नामक व्यक्ति के कहने पर युवकों को ट्रेनिंग देकर बुकिंग क्लर्क का काम करा रहा था।

**सैलरी भी देने लगे :** युवकों ने बताया कि उन्हें 30 हजार प्रति माह वेतन का आश्वासन दिया था, जबकि ट्रेनिंग में 10 हजार रुपये दो महीने दिया था। इधर, चक्रधरपुर मंडल के वाणिज्य अधिकारी ने विजिलेंस छापेमारी की पुष्टि करते हुए अन्य किसी जानकारी से इनकार किया है। डेविड आदित्यपुर भाटिया बस्ती में रहता था।

**जीआरपी में दर्ज होगा केस :** आरपीएफ के सीनियर कमांडेंट पी. शंकर कुट्टी ने बताया कि मामला धोखाधड़ी का है। विजिलेंस की पूछताछ और कार्रवाई के बाद जीआरपी में केस दर्ज कराया जाएगा। अभी विजिलेंस टीम मामले में कुछ भी स्पष्ट नहीं कर रही है, लेकिन रेलवे भी अपने स्तर से जांच करा रहा है। वर्ष 2014 में टाटानगर आरपीएफ के तत्कालीन इंस्पेक्टर दिगंजय शर्मा ने जुगसलाई के एक होटल में छापेमारी कर रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पकड़ा था। जमशेदपुर पुलिस भी ऐसे गिरोह का खुलासा कर चुकी है। चर्चा है कि बीरबांस हॉल्ट में फर्जी नियुक्ति की सूचना विजिलेंस टीम को रेल कर्मियों से मिली थी। टीम ने कई दिन निगरानी के बाद युवकों और टिकट एजेंट को पकड़ा। 2018 में भी आदित्यपुर की महिला भी टाटानगर में ज्वाइनिंग का फर्जी लेटर लेकर पहुंची थी। इसके अलावा गोविंदपुर से भी फर्जी लेटर पर नियुक्त एक युवक को गैंगमैन की सूचना पर पकड़े जाने की चर्चा रेलकर्मियों में हो रही है।

# बाड़मेर-जैसलमेर में त्रिकोणीय मुकाबला, कोटा में भी रोचक लड़ाई

**बाड़मेर, एजेंसी।** राजस्थान में लोकसभा का रण बेहद रोचक हो गया है। बनते-बिगड़ते समीकरणों में भाजपा को पिछले दो चुनाव की रिकॉर्ड जीत को बरकरार रखने की चुनौती है। पहले दो चरणों में जिन 25 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, उनमें बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार को मिल रहे समर्थन से लड़ाई दिलचस्प दिख रही है। इसके अलावा करीब आधा दर्जन अन्य सीटों पर भी मुकाबला एकतरफा नहीं है और जमीनी समीकरणों ने लड़ाई को रोचक बना दिया है।

राजस्थान में भाजपा शत प्रतिशत, सभी सीटों पर जीत का अपना रिकॉर्ड बरकरार रखना चाहती है। हालांकि कांग्रेस के कुछ उम्मीदवारों और निर्दलीयों ने जिस तरह से विपक्षी खेमे में उम्मीद जगाई है उससे भाजपा को अपना प्रदर्शन दोहराना बड़ी चुनौती है। इसके बावजूद पिछले चुनाव को पैमाना माने तो एक-दो सीट को छोड़कर अन्य जगहों पर जीत-हार का अंतर इतना ज्यादा था कि विपक्ष के लिए सेंधमारी आसान नहीं है। बाड़मेर-जैसलमेर सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार रविंदर सिंह भाटी का मुकाबला कांग्रेस के उम्मेदाराम बेनीवाल



और भाजपा के कैलाश चौधरी से है। चुनाव मैदान में भाटी के आने से मुकाबला त्रिकोणीय बन गया है। भाटी वर्तमान में शेओ विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। भाजपा से बातचीत सफल नहीं होने के बाद वह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे हैं। युवा उम्मीदवार रविंदर भाटी के साथ उमड़ रही भीड़ ने दोनों प्रमुख दलों के समीकरणों को उलट-पलट दिया है। भाजपा उम्मीदवार और क्षेत्र से निवर्तमान सांसद कैलाश चौधरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर अपनी सीट बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उनका यह बयान चर्चा में है कि उनकी वजह से मोदी को दंडित न किया जाए। इसके अलावा चूरू लोकसभा सीट भी चर्चा में है। यहां भाजपा ने दो बार के सांसद राहुल कस्वा का टिकट काटकर खिलाड़ी देवेंद्र झाझड़िया को मैदान में उतारा है। टिकट कटने से नाराज राहुल कांग्रेस के टिकट पर मैदान में हैं। नागौर में कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन में शामिल हनुमान बेनीवाल को समर्थन दिया है। भाजपा ने दिग्गज जाट नेता स्व. नाथूराम मिर्धा की पौत्री ज्योति को उतारा है। ज्योति के पक्ष में तीन पूर्व विधायकों सहित एक हजार कांग्रेसियों ने पार्टी छोड़ी है, लेकिन हनुमान बेनीवाल का अपना मजबूत आधार मुकाबले को दिलचस्प बना रहा है।

अलवर में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की सीट पर सबकी नज़र है। उनका मुकाबला कांग्रेस के विधायक ललित यादव से है। यहां स्थानीय बनाम बाहरी की चर्चा को भूपेंद्र यादव ने रात-दिन कैम्प करके कुछ हद तक कम किया है। वहीं झुंझुनूं में कांग्रेस से दिग्गज नेता शीशराम ओला के पुत्र व पूर्व मंत्री बृजेंद्र ओला और भाजपा से पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी मैदान में हैं। ओला परिवार की मतदाताओं में मजबूत पकड़ और भाजपा की आंतरिक खींचतान के मद्देनज़र यहां कांग्रेस मुकाबले में है।

## 29 नक्सलियों के मारे जाने पर बोले सीएम साय, अब नक्सली छोड़ दे हिंसा का रास्ता सरकार करेगी न्याय

**रायपुर, एजेंसी।** 16 अप्रैल 2023 मंगलवार का दिन छत्तीसगढ़ के इतिहास में दर्ज हो गया है। क्योंकि इस दिन छत्तीसगढ़ में जवानों ने बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया है। जवानों ने नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए 29 माओवादियों को ढेर कर दिया है। इस बड़ी सफलता के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव? साय ने कहा कि यह नक्सलियों के खात्मे का आगाज है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस बड़ी घटना के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि मंगलवार को दोपहर 2 बजे जिला कांकेर बिछिया क्षेत्र के अंतर्गत आपाटोला के जंगल में [illegible], [illegible] के जवानों और नक्सलियों के बीच जमकर मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में हमारे तीन जवान घायल हुए हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। अभी वह जवान खतरे से बाहर है उनकी स्थिति सामान बनी हुई है। वही हमारे जवानों ने बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया है। यह अब तक की सबसे बड़ी ऐतिहासिक सफलता है। मुख्यमंत्री ने इस सफलता पर सभी जवानों और सुरक्षाकर्मियों को बधाई भी दी है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने चर्चा करते हुए कहा कि इस बार नक्सली बड़ी वारदात की कोशिश में थे उनकी इस कोशिश को जवानों ने नाकाम



कर दिया है। सीएम ने कहा कि देश के गृहमंत्री का संकल्प है बस्तर को नक्सली मुक्त बनाने का, जो अब धीरे-धीरे पूरा होने जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री साय ने नक्सलियों से अपील करते हुए उन्हें हिंसा का रास्ता छोड़ने और मुख्य धारा में लौटने की बात कही है। सीएम ने कहा कि नक्सली शांति के लिए अगर तैयार हो जाएं तो उन पर न्याय किया जाएगा।

इसके साथ ही विपक्ष के द्वारा इस एनकाउंटर को लेकर सवाल खड़े करने पर सीएम ने कहा कि विपक्ष को हर चीज में प्रश्न चिन्ह खड़ा करना होता है। इन्होंने कभी सर्जिकल स्ट्राइक या फिर एयर स्ट्राइक की कल्पना भी नहीं की थी। यह घटना तो उनके प्रदेश की है, तो फिर कैसे सवाल खड़े कर सकते हैं। सीएम ने विपक्ष से सवाल करते हुए कहा कि अगर यह घटना किसी तरह से फर्जी है तो उसको प्रमाणित करें।

# संगीत सोम से टकराव, ठाकुरों का गुस्सा और खापों में बंटवारा

**लखनउ, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पहले राउंड में पश्चिम उत्तर प्रदेश की भी 8 सीटों पर मतदान होना है। इन सीटों में भी सबसे ज्यादा खास मुजफ्फरनगर की सीट मानी जा रही है। चौधरी चरण सिंह के परिवार से कनेक्शन, जाट समाज की बहुलता के चलते इसे हॉट सीट माना जाता रहा है। अकसर कहा जाता है कि जिन सीटों से पश्चिम यूपी का चुनाव तय होता है, उनमें से मुजफ्फरनगर एक है। इस बार यहां बेहद दिलचस्प मुकाबला है और नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री संजीव बालियान यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा से दारा सिंह प्रजापति यहां मैदान में हैं तो सपा के हरेंद्र मलिक उतरे हैं। दोनों का ही बड़ा जनाधार है, जिसके चलते टाइट फाइट मानी जा रही है।

संजीव बालियान के लिए बड़ी मुश्किल यह है कि भाजपा में ही अंतर्कलह की स्थिति है। इसके अलावा ठाकुरों की नाराजगी भी चिंता बढ़ा रही है। इस सीट का इतिहास भी ऐसा है कि चौधरी चरण सिंह जैसे नेता को भी 1971 में यहां से सीपीआई के ठाकुर विजयपाल सिंह के मुकाबले हारना पड़ा था। 1990 के बाद से अब तक भाजपा यहां 5 बार जीत चुकी है। इसके अलावा कांग्रेस, सपा और बसपा भी एक-एक बार विजय हासिल कर चुके हैं। संजीव बालियान खुद यहां से 2014 और 2019 में जीत चुके हैं। पिछली बार तो



वह चौधरी अजित सिंह को 6,500 वोटों से हराकर जीते थे। लेकिन इस बार मुकाबला कठिन माना जा रहा है, जबकि जयंत चौधरी उनके साथ हैं। फिर भी एक समस्या यह है कि सरधना से पूर्व विधायक संगीत सोम उनसे नाराज चल रहे हैं। संगीत सोम का खेमा मानता है कि 2022 के चुनाव में वह विधायक नहीं बन सके तो इसकी वजह बालियान का विरोध था। उनके चलते जाट वोट नहीं मिले और संगीत सोम हार गए। अब संगीत सोम समर्थकों का कहना है कि वे बालियान को वोट क्यों दें? भाजपा नेतृत्व ने कोशिश की है कि दोनों में सुलह करा ली जाए। खुद सीएम योगी आदित्यनाथ ने बालियान और संगीत सोम की मीटिंग ली थी। फिर भी संगीत सोम के तेवर नरम नहीं दिख रहे। इसके अलावा लगातार ठाकुरों की पंचायतें हो रही हैं, जिनमें भाजपा के विरोध के ऐलान हो रहे हैं।

**खापों में कैसे हरेंद्र मलिक ने करा दिया बंटवारा :** एक मुश्किल यह है कि सपा ने भी जाट कैंडिडेट हरेंद्र मलिक को मैदान में उतारा है। वह चरथावल से मौजूदा विधायक पंकज मलिक के पिता हैं। वह भी जाट वोटों के एक बड़े हिस्से में सेंध लगाते दिख रहे हैं। दरअसल जाटों की दो बड़ी खाप हैं। एक है बालियान खाप, जिससे संजीव बालियान का ताल्लुक हैं। वही हरेंद्र मलिक गठवाला खाप का समर्थन पा रहे हैं। ऐसे में जाटों के वोटों में बंटवारे से स्थिति फंसती दिख रही। फिर सरधना विधानसभा समेत पूरी लोकसभा में ही प्रभावी ठाकुर लगातार बायकॉट की बात कर रहे हैं। यह संकट संजीव बालियान के लिए गहरा है। बसपा ने भी बिगाड़ दिया समीकरण, कैसे प्रजापति ने बढ़ाई चिंता भाजपा के लिए कई सीटों पर बसपा की ओर से सपा समीकरण बिगाड़ना एक उम्मीद हुआ करता था।



# सुनील नारायण ने जड़ा टी-20 करियर का पहला शतक

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के ईडन गार्डेंस स्टेडियम में सुनील नारायण के बल्ले से एक शतकीय पारी देखने को मिली है। अपनी जादूई गेंदबाजी के लिए पहचाने जाने वाले सुनील नारायण ने इस बार बतौर बल्लेबाज कमाल का प्रदर्शन किया है। सुनील नारायण ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले जा रहे मैच में शतक जड़ा। ये उनकी टी20 करियर का पहला शतक भी है।

### सुनील नारायण ने जड़ा पहला शतक

सुनील नारायण साल 2011 से टी20 क्रिकेट खेल रहे हैं। लेकिन 13 साल के उनके करियर में ये पहला मौका है जब उन्होंने शतक जड़ा है। सुनील नारायण इस बार आईपीएल में केकेआर के लिए ओपनिंग कर रहे हैं और वह मैनेजमेंट के फैसले पर खरे भी उतरे हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले जा रहे मैच 49 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने शतक तक पहुंचने के लिए 11 चौके और 6 छक्के जड़े। नारायण इस मैच में 56 गेंदों पर 109 रन बनाकर आउट हुए।

### आईपीएल के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

सुनील नारायण ने इस शतक के साथ आईपीएल में एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना दिया है। सुनील नारायण आईपीएल में शतक जड़ने के साथ-साथ 100 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए हैं। उनसे पहले आईपीएल में ये कारनामा किसी भी खिलाड़ी ने नहीं किया था।

वहीं, नारायण के इतिहास के तीसरे खिलाड़ी बने हैं जिसने इस लीग में शतक जड़ा है और हैट्रिक लेने का कारनामा भी किया है।



वन मैन आर्मी जोस बटलर...

## कोलकाता नाइट राइडर्स के जबड़े से छीना मैच

### जड़ा दमदार शतक

**कोलकाता, एजेंसी।** संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में धूम मचा दी है. राजस्थान टीम ने मंगलवार (16 अप्रैल) को ईडन गार्डन्स में खेले गए रोमांचक मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 2 विकेट से करारी शिकस्त दी.

इस जीत के साथ ही राजस्थान टीम ने पॉइंट्स टेबल में अपना नंबर-1 का ताज बरकरार रखा है. संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान टीम ने अब तक 7 में से 6 मुकाबले जीते हैं. इस जीत के साथ अब राजस्थान टीम अपनी नंबर-1 की पोजिशन मजबूत कर ली है. दूसरी ओर कोलकाता टीम ने अब तक 6 में से 4 मुकाबले जीते हैं.

### बटलर अकेले डटे रहे और टीम को जीत दिलाई

ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में कोलकाता टीम ने 224 रनों का टारगेट सेट किया था, जिसके जवाब में राजस्थान टीम शुरुआत से ही लड़खड़ाती नजर आई. एक समय टीम ने 186 रनों पर 8 विकेट गंवा दिए थे और जीत के लिए 15 गेंदों पर 38 रनों की जरूरत थी. उस समय जोस बटलर क्रीज पर थे और उन्होंने हार नहीं मानी.

बटलर ने अकेले के दम पर राजस्थान को मैच जिताया. साथ ही उन्होंने अपना भी शतक पूरा किया. बटलर ने 60 गेंदों पर नाबाद 107 रनों की पारी खेली. इस दौरान 6 छक्के और 9 चौके जमाए. बटलर की पारी के बदौलत राजस्थान ने 8 विकेट गंवाकर मैच जीत लिया.



# ट्रेंट बोल्ट की स्टंप तोड़ यॉर्कर ने कर दिया लाखों का नुकसान!

## क्या अब करनी पड़ेगी भरपाई?

**कोलकाता, एजेंसी।** ट्रेंट बोल्ट ने आईपीएल 2024 के 31वें मुकाबले में एक ऐसी यॉर्कर डाली कि स्टंप ही टूट गया. बोल्ट ने अपनी एक यॉर्कर से करीब 10 लाख रुपये का नुकसान कर दिया. स्टंप टूटने के बाद खेल को कुछ देर तक रोका भी गया. ईडन गार्डन्स में टूर्नामेंट का 31वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया था. इस मैच में राजस्थान रॉयल्स के ट्रेंट बोल्ट ने खतरनाक यॉर्कर से सुनील नरेन को चलता किया था. लेकिन बोल्ट की यॉर्कर से जो स्टंप टूटा, उसकी उन्हें भरपाई करनी पड़ेगी?

पहली पारी में 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर ट्रेंट बोल्ट ने सुनील नरेन को यॉर्कर पर बोल्ड कर पवेलियन भेजा. बोल्ट की इस गेंद से स्टंप टूट गया था, जिसकी वजह से कुछ देर खेल रुका क्योंकि नया स्टंप लाकर लगाने में वक़्त लगा. इस आईपीएल नए तरह के स्टंप्स का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग मौकों पर अलग लाइट्स जलती हैं. जैसे- चौका-छक्का लगाने पर अलग लाइट्स, वाइड और नो बॉल होने पर अलग तरह की लाइट्स स्टंप में फ्लैश होती हैं.

### 10 लाख रुपये के करीब एक स्टंप की कीमत

एक साइड तीन स्टंप लगाए जाते हैं और मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इसमें एक स्टंप की कीमत करीब 10 लाख रुपये होती है. ऐसे में दोनों तरफ 30-30 लाख रुपये के स्टंप्स का इस्तेमाल किया जाता है. यही कराण है कि अब पहले के जैसे खिलाड़ियों को मैच जीतने के बाद स्टंप निकालने की इजाजत नहीं होती है. पहले जब लकड़ी वाले स्टंप का उपयोग होता था तब खिलाड़ी मुकाबला जीतने के बाद स्टंप निकलाकर ले जाते थे.

### क्या ट्रेंट बोल्ट को करनी पड़ेगी 10 लाख की भरपाई?

तो आपको बता दें कि ऐसा किसी भी तरीके का कोई नियम नही हैं. अगर गेंदबाज़ अपनी बॉलिंग से स्टंप तोड़ता है, तो उसे किसी भी तरह की कोई भरपाई नहीं करनी होती है. ऐसा कई मौकों पर देखा गया है कि अक्सर गेंदबाज़ अपनी तेज़ तर्रार गेंदों से स्टंप तोड़ देते हैं, लेकिन उन्हें किसी भी तरह की कोई भरपाई नहीं करनी होती है.

Paris Olympics

# बिना तैयारियों के ओलंपिक क्वालिफायर खेलेंगे पहलवान टूर्नामेंट के लिए नहीं लगा तैयारी शिविर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूत्रों की मानें तो खेल मंत्रालय की ओर से भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे निलंबन के चलते ओलंपिक क्वालिफायर के लिए पहलवानों का तैयारी शिविर नहीं लग सका। कुश्ती पर विवादों के साये ने ओलंपिक क्वालिफायर जैसे टूर्नामेंट के लिए पहलवानों की तैयारियों को छीन लिया। भारतीय टीम के पहलवान बिना तैयारियों के देश को पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाने बिश्केक (किर्गिस्तान) रवाना हो गए।

ओलंपिक क्वालिफायर जैसे टूर्नामेंट के लिए पुरुष और महिला पहलवानों का कोई तैयारी शिविर नहीं लगाया गया। पहलवान अपने स्तर पर अखाड़ों में तैयारी कर क्वालिफायर में उतरने जा रहे हैं। अभी तक भारत को कुश्ती में सिर्फ एक ओलंपिक कोटा मिला है, जो अंतिम पंघाल ने दिलाया है।

### महासंघ ने विनेश का भी डाला था नाम

सूत्रों की मानें तो खेल मंत्रालय की ओर से भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे निलंबन के चलते ओलंपिक क्वालिफायर के लिए पहलवानों का तैयारी शिविर नहीं लग सका। कुश्ती महासंघ ने 27 मार्च से पुरुषों का शिविर सोनीपत और महिला पहलवानों का शिविर गांधीनगर या पटियाला, बंगलूरू में लगाने की सिफारिश साई से की थी।

शिविर में ग्रीकोरोमन, फ्रीस्टाइल और महिला वर्ग के 120 से अधिक पहलवानों का नाम दिया गया था, जिसमें विनेश फोगाट समेत ओलंपिक क्वालिफायर की टीम में शामिल पहलवान भी शामिल थे। महासंघ के प्रस्ताव पर साई ने कोई फैसला नहीं लिया।

### महासंघ ने भी लगाया शिविर

साई की ओर से शिविर को मंजूरी नहीं दिए जाने के बाद कुश्ती महासंघ ने भी अपने स्तर पर टूर्नामेंट के लिए कोई तैयारी शिविर नहीं लगाया।

जिसके चलते पहलवान अपने स्तर पर ही तैयारियां करने को मजबूर रहे। क्वालिफायर की फ्रीस्टाइल टीम में अमन (57), सुजीत (65), जयदीप (74), दीपक पूनिया (86), दीपक (97), सुमित (125) और महिला टीम में विनेश (50), अंशु (57), मानसी (62), निशा (68), रीतिका (76 भार वर्ग) शामिल हैं।

# कैंडिडेट्स शतरंज: नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेलकर गुकेश की बढ़त कायम

- **प्रगनानंदा और गुजराती ने भी ड्रॉ खेला**





**टोरंटो (कनाडा), एजेंसी।** डी गुकेश ने 10वें दौर के बाद अकेली बढ़त पर आने का मौका खो दिया। गुकेश ने अपने साथ बढ़त साझा कर रहे रूस के इयन नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेला। अगर इस बाजी में वह जीतते तो अकेली बढ़त पर आ सकते थे। अब दोनों खिलाड़ियों के छह-छह अंक हैं और दोनों अभी भी संयुक्त बढ़त पर हैं। वहीं आर प्रगनानंदा (5.5) और विदित गुजराती (5) के बीच मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ।

दूसरी ओर शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारुआना और उनके साथी हिकारु नाकामुरा ने जीत हासिल कर प्रगनानंदा के साथ तीसरा स्थान हासिल कर लिया। कारुआना (5.5) ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा (3.5) को और नाकामुरा (5.5) ने अजरबैजान के निजात एबासोव (3) को हराया। महिला वर्ग में आर वैशाली (3.5) ने हार का क्रम तोड़ते हुए बुल्गारिया की नुरग्यूल सालिमोवा (4) को हराया। महिला वर्ग में चीन की झोंगयी तान और ली टिंगजी 6.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं।

**गुजराती ने प्रगनानंदा को आसानी से ड्रॉ पर रोका**

गुकेश के खिलाफ नेपोमनियाच्ची सफेद मोहरों से खेल रहे थे। शुरुआत में गुकेश समय के दबाव में भी फंसे। बावजूद इसके वह उन्होंने नियंत्रण बनाकर रखा। हालांकि नेपोमनियाच्ची काफी संभलकर खेल रहे थे और जोखिम लेने के मूड में कतई नहीं दिखे। वह 10 दौर के बाद टूर्नामेंट में अकेले खिलाड़ी हैं, जो अब तक हारे नहीं हैं। प्रगनानंदा को भी अभी तक टूर्नामेंट में एक हार गुकेश के खिलाफ मिली है। वह गुजराती के खिलाफ सफेद मोहरों से खेल रहे थे। गुजराती ने उनके खिलाफ बर्लिन डिफेंस का सहारा लिया और आसानी से बाजी ड्रॉ करा सी। 11वें दौर में प्रगनानंदा नाकामुरा से, गुकेश कारुआना से और गुजराती नेपोमनियाच्ची से भिड़ेंगे।



डिस्कस थ्रो

# मायकोलास ने 38 साल पुराना डिस्कस थ्रो का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, 74.35 मीटर दूर चक्का फेंका

**रामोना (अमेरिका), एजेंसी।** वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक अलेक्ना का थ्रो 244 फुट 1 (74.41 मीटर) इंच नापा गया था, लेकिन बाद में इसे 74.35 मीटर कर दिया गया। हालांकि रिकॉर्ड को अभी वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता मिलना बाकी है। लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने डिस्कस थ्रो का 38 साल पुराना विश्व कीर्तिमान भंग कर दिया। उन्होंने 1986 में जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट की ओर से स्थापित 74.08 मीटर के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। अलेक्ना ने ओकलाहामा थ्रोज सीरीज कंपटीशन में 243 फुट 11 इंच (74.35 मीटर) दूर चक्का फेंका। वर्ल्ड एथलेटिक्स के मुताबिक अलेक्ना का थ्रो 244 फुट 1 (74.41 मीटर) इंच नापा गया था, लेकिन बाद में इसे 74.35 मीटर कर दिया गया। हालांकि रिकॉर्ड को अभी वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता मिलना बाकी है। 21 वर्षीय एलेक्ना कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में जूनियर हैं। वह विश्व चैंपियनशिप में दो बार पदक जीत चुके हैं। 2022 में उन्होंने रजत और बीते वर्ष उन्होंने कांस्य पदक जीता था। एलेक्ना ने अपने पिता वर्जीलियस एलेक्ना को भी पीछे धकेल दिया है। शुल्ट के बाद सर्वश्रेष्ठ थ्रो वर्जीलियस की 73.88 मीटर थी, जो अब तीसरे स्थान पर आ गई है। एलेक्ना ने यह रिकॉर्ड क्यूबा की यामे पेरेज की ओर से एक दिन पहले ही फेंकी गई महिलाओं की सर्वश्रेष्ठ थ्रो 73.09 के बाद बनाया है।



# ग्रीस के ओलंपिया में जलाई गई पेरिस ओलंपिक मशाल

## 26 जुलाई से शुरू होगें गेम्स, ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू सेरेमनी में मौजूद रहीं

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलिंपिक 2024 की मशाल मंगलवार को ग्रीस के ओलंपिया में जलाई गई। इस मशाल को सूर्य की किरणों से जलाया जाता है।

17 अप्रैल से पूरे विश्व में मशाल की यात्रा शुरू हो जाएगी। आखिर में यह पेरिस में जा कर रुकेगी। इसे ग्रीक एक्ट्रेस मैरी मीना ने जलाया। पेरिस ओलिंपिक में 100 दिन बचे हैं। पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होना है। यह सेरेमनी (ओलिंपिक फ्लेम लाइटिंग सेरेमनी) मंगलवार को इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के अध्यक्ष थॉमस बाक की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान ग्रीस की राष्ट्रपति कैटरीना एन सकेलारोपोलू भी मौजूद रहीं।

### 1928 से जलाई जा रही है ओलिंपिक मशाल

इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के तत्वावधान में पहला ओलिंपिक 1896 में हुआ। जो एथेंस के पैनाथेनिक स्टेडियम में खेला गया। साल 1928 में नीदरलैंड्स के एम्सटर्डम में आयोजित ओलिंपिक से मशाल जलाने का विचार आया।

1936 में बर्लिन (जर्मनी) ओलिंपिक गेम्स से ओलिंपिक रिले की शुरुआत हुई। ओलिंपिक लौ प्राचीन और आधुनिक खेलों को जोड़ने की एक कड़ी मानी जाती है।

### पेरिस ओलिंपिक्स में ट्रैक का कलर पर्पल होगा

पेरिस ओलिंपिक में ट्रैक इस बार बैंगनी कलर का होगा। सामान्य रूप से ट्रैक लाल कलर में होता है। टोक्यो में हुए ओलिंपिक गेम्स में ट्रैक लाल कलर का था।

पेरिस ओलिंपिक में एथलेटिक्स प्रतियोगिता के इंचार्ज और पूर्व ओलिंपियन एलेन ब्लोंडेल ने कहा है कि ट्रैक का रंग बैंगनी देने की वजह यह है कि बैंगनी कलर पेरिस ओलिंपिक खेल के रंगों में से एक है।

# मारपीट कर आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरित करने वाले आरोपियों को दस-दस वर्ष का कठोर कारावास

पन्ना। जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, थाना धरमपुर में दिनांक 01.01.2022 को फरियादी अवधेश राजपूत निवासी रतनपुर ने रिपोर्ट की थी कि फरियादी की पत्नी रोशनी राजपूत के साथ पिता रामलखन, चाचा महेश, भाई रामदास एवं माँ मुन्नीबाई घर के अंदर मारपीट कर रहे थे। मैं, मेरा साला रामदास बचाने दौडे तो यह लोग हमको मारने दौडे कुछ समय बाद घर के अंदर जाकर देखा तो मेरी पत्नी रोशनी फाँसी के फन्दे पर मरी टंगी थी, रिपोर्ट पर मर्ग क्र. 01/22 धारा 174 जाफौ कायम किया गया। मर्ग जाँच के दौरान मृतिका के पति अवधेश का कथन लिया गया जिसमें फरियादी ने बताया कि दिनांक 01.01.2022 को करीब 03.00 बजे मैं, मेरी पत्नी रोशनी, मेरा साला रामदास, ससुर सीताराम, चाचा जयपाल, चुनवाद और मानसिंह रतनपुर आये थे जहाँ पर मेरे घर में मेरे पिता रामलखन, चाचा मैसे, भाई रामदास, माँ मुन्नी बाई मिले थे उन्होंने मेरी पत्नी व मुझे घर से जाने के लिये कह दिया था फिर मेरी पत्नी रोशनी, छोटा साला रामदास घर में रुक गये थे और मेरे ससुर सीताराम और चाचा ससुर जयपाल चुनवाद, मानसिह 04.00 बजे चले गये थे जब मेरे ससुर बगैरह चले गये उसके कुछ देर बाद मेरा पिता रामलखन चाचा मैसे, माँ मुन्नी बाई, भाई रामदास आये और मेरी पत्नी रोशनी के साथ मारपीट करने लगे वह लोग मेरी पत्नी की मारपीट घर के अंदर कर रहे थे, मैं और मेरा साला रामदास बचाने दौडे तभी चाचा मैसे भाई रामदास मुझे और मेरे साले को मारने दौड़े तो मैं, मेरा साला रामदास दौड़ कर रोड तरफ गये और अपने ससुर को फोन लगाया कुछ देर बाद मेरे ससुर एवं चाचा ससुर आ गये हम सभी ने घर के अंदर जाकर देखा तो मेरी पत्नी रोशनी फाँसी के फंदे पर मरी टंगी थी फिर मैने वा मेरे ससुर ने थाना धरमपुर को सूचित किया था कुछ देर बाद पुलिस गाँव आ गई थी। रिपोर्ट करता हूँ कार्यवाही की जाये। फरियादी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना धरमपुर में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उक्त अपराध को शासन द्वारा जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण के रूप मे चिन्हित किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की विवेचना सुधीर कुमार बेगी (उप निरीक्षक) द्वारा की गयी। माननीय न्यायालय श्रीमान इन्द्रजीत रघुवंशी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री संदीप कुमार पाण्डेय द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपीगण– 1. मुन्नीबाई लोध 2. रामलखन लोध 3. रामदास लोध 4. महेश लोध के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपीगणों के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय श्रीमान इन्द्रजीत रघुवंशी, प्रथम सत्र न्यायाधीश पन्ना की न्यायालय द्वारा आरोपीगण– 1. मुन्नीबाई लोध 2. रामलखन लोध 3. रामदास लोध 4. महेश लोध को धारा– 306 सहपठित धारा 34 भादसं. में 10–10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 2000–2000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## महर्षि विद्या मंदिर पन्ना में नवरात्रि पर भंडारा संपन्न



पन्ना। नवरात्रि के शुभ अवसर पर नगर के महर्षि विद्या मंदिर पन्ना मे कन्या भोज तथा भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान कन्या पूजन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात् उपस्थित सभी छात्र छात्राओ, विद्यालय के स्टाफ द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। इसके पूर्व उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओ द्वारा कन्याओ को रोली, चावल, तिलक लगाकर पूजन किया गया। तत्पश्चात् विद्यालय के प्राचार्य द्वारा सभी बच्चो को कलम के रूप मे उपहार दिया गया। कार्यक्रम मे विद्यालय के प्राचार्य पीके दीक्षित सहित शिक्षक, शिक्षिकाए एवं अन्य स्टाप उपस्थित रहा।

# एक सौ सात वर्ष की गुंदाबाई राजपूत ने भी डाला वोट

### बृद्ध मतदाताओ के घर-घर से डलवाये जा रहे वोट







पन्ना। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र के सात विधानसभा क्षेत्रों में मतदान दल द्वारा 15 अप्रैल को अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं के घर पहुंचकर भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार मतदान संपन्न करवाया गया। खजुराहो लोकसभा की चंदला विधानसभा में मतदान दल द्वारा 18 अप्रैल को होम वोटिंग करवाई जाएगी। आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन में 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई थी। निर्धारित तिथि तक फार्म 12 डी में आवेदन करने वाले एवं सहमति प्रदान करने वाले ऐसे मतदाताओं द्वारा घर से मतदान किया गया। मतदान दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारी सोमवार को सुबह शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना से मतदान सामग्री प्राप्त कर निर्धारित रूट पर वाहनों से मतदान संपन्न कराने के लिए रवाना हुए। इस दौरान पात्र मतदाताओं ने घर से सुगमतापूर्वक मतदान किया और आयोग द्वारा प्रदान इस सुविधा की सराहना भी की। किन्हीं कारणोंवश मतदान दल के प्रथम भ्रमण के दौरान मतदान से वंचित अनुपस्थित श्रेणी के मतदाता द्वितीय भ्रमण के दौरान अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। खजुराहो लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत होम वोटिंग की सहमति प्रदान करने वाले पन्ना जिले में अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं की संख्या 813 है, जबकि छतरपुर जिले में 271 और कटनी जिले में 881 मतदाता हैं। होम वोटिंग के दौरान ग्राम मड़ला निवासी 107 वर्षीया गुंदाबाई ने भी घर से मतदान किया और अपनी उंगली पर लगी अमिट स्याही दिखाकर कर्त्तव्य निभाने का संदेश दिया। उनके पुत्र ने बताया कि उनके वृद्ध माता मतदान केन्द्र तक पहुंचने में अक्षम थीं। आयोग द्वारा प्रदान की गई इस सुविधा के बारे में बताने पर उन्होंने घर से मतदान करने की इच्छा जताई। गुंदाबाई की भांति 85 वर्ष से अधिक आयु के अन्य बुजुर्ग मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं द्वारा भी लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग किया गया और भारत निर्वाचन आयोग का आभार जताकर खुशी व्यक्त की गई।

# झरकुआ खरीदी केंद्र में किसानों से की जा रही अवैध वसूली

### कलेक्टर से कार्यवाही करने दिया आवेदन



पन्ना

पन्ना जिले के प्राथमिक साख सहकारी समिति जरधोबा द्वारा संचालित खरीदी केन्द्र झरकुआ में गेहूं बिना ग्रेडर लगाए किसानों से 50 रूपये प्रति क्विंटल अवैध वसूली की जा रही है जिससे किसान परेशान हैं। तौलाई के बाद कई दिनों तक रसीद नहीं दी जाती। इस प्रकार मनमानी और तानाशाही से परेशान किसानों ने सामाजिक कार्यकर्ता एवं अनुसूचित जाति के नेता एडवोकेट संजय अहिरवार से अपनी परेशानी बताई। श्री अहिरवार ने कलेक्टर के नाम शिकायती आवेदन सौंप कर अति शीघ्र मामले की जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग उठाई है। किसानों ने बताया कि समिति प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर और सर्वेयर के द्वारा किसानों से तौलाई के नाम पर 50 रुपए प्रति क्विंटल कमीशन की मांग की जा रही है।

# हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई डॉ अंबेडकर जयंती





पन्ना। पन्ना के छत्रसाल पार्क में जिला अंबेडकर समिति एवं अध्यक्ष कर्मचारी संघ के तत्वाधान में लगभग बचार वर्षों से लगातार भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस वर्ष भी जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रीति उपस्थित रही तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एमपी सत्यार्थी, रामप्रताप प्रजापति जगदीश कुशवाहा, शंकर पटेल लक्ष्मीनारायण चिरौलिया तथा एडवोकेट शिवमोहन चौरसिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमृतलाल वाल्मीकि पूर्व अध्यक्ष द्वारा की गई कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ प्रीति बहुजन ने समाज के लोगों से अंधविश्वास तथा समाज मे फैली कुरुतियों को लेकर विस्तार से चर्चा की तथा उन्होंने शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि अपने सभी बच्चो को शिक्षित करें तथा उन्हें अच्छे संस्कारो से जोडते हुए नशा जैसी बुराईयो से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के आयोजक जिला अंबेडकर समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जाटव ने लोगों से अपील की कि आप भले ही बाबा साहब को ना माने पर उनके विचारों को माने क्योंकि विचारों से क्रांति होती है उन्होंने समाज के लिए हमेशा सहयोग करने का प्रण लिया कार्यक्रम में अंबेडकर समिति की जिला सचिव विमला अहिरवार द्वारा शानदार लोकगीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का सफल संचालन पटवारी उमेश अहिरवार द्वारा किया गया तथा शिक्षक राम वर्मा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमे मुख्य रूप से डॉक्टर अरविंद मंडेलिया, जसवंत सिंह अध्यक्ष अजाक्स कर्मचारी संघ विनोद मोर मनोज कुशवाहा रंजीत खटीक गोलू बक्शी बसंत कोरी, भोला कुशवाहा भूरे पाल, अरविंद जाटव नारायण वर्मा, सुनील वर्मा जीतू कोरी आदि।

# लीनेश क्लब द्वारा पक्षियो को जल एवं दाना का किया गया प्रबंधन









पन्ना। गर्मी मौसम में लीनेस क्लब पन्ना के सदस्यों द्वारा जल एवं दाना प्रबंधन लीनेस क्लब पन्ना लगातार 6 वर्षों से नगर में समाज कल्याण का कार्य करते आ रहा है, क्लब का मुख्य उद्देश्य समाज की सेवा करना है समाज के लिए कल्याण कार्य करते हुए लाइनस क्लब द्वारा बेजुबान पशु पक्षियों के लिए ग्रीष्म ऋतु में गर्मी को देखते हुए जल, दाना व चारे की व्यवस्था की गई जिसमें क्लब की अध्यक्ष शिखा पांडेय की पहल पर सभी सदस्य बहनों ने अपने-अपने घर घर के बाहर जल दाना व चारे की व्यवस्था की। इस कार्य के द्वारा लीनेस क्लब पन्ना सदस्य बहनों ने समाज में यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को भी अपने घर के बाहर या छत पर इस भीषण गर्मी में अपने अगल-बगल रह रहे पशु पक्षियों का ध्यान देना चाहिए और उनका ख्याल रखते हुए उनके लिए जल व भोजन की व्यवस्था करनी चाहिए।

# भगवान श्री राम के जन्मोत्सव कार्यक्रम में उमड़ी भक्तों की भीड़

पन्ना। बुधवार रामनवमी के अवसर पर भगवान श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण पन्ना में दिन में ठीक 12 बजे भगवान श्री राम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। यह मंदिर लगभग 300 साल पुराना बताया जाता है, यहां भगवान श्री राम की शालिग्राम की प्रतिमा स्थापित है।

भगवान श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर सदियों पुरानी परंपरा को निभाने के लिए महाराजा छत्रसाल के वंशज महाराजा छत्रसाल द्वितीय के द्वारा पहुंचकर चंवर डुलाई गई। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना प्रभारी रोहित मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे।



मंदिर प्रांगण में पुजारियों, गणमान्य नागरिकों सहित भगवान श्री राम के हजारों भक्तों की भीड़ देखी गई। महाराजा छत्रसाल के वंशज ने पहुंचकर जन्म उत्सव में शिरकत कर परंपरा का निर्वहन किया गया। इसी के साथ शाम को निकलने वाली भव्य शोभायात्रा व विशाल जुलूस की तैयारी शुरू हो गई हैं।

श्री राम जानकी मंदिर में आज रामनवमी के दिन सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। भगवान राम जानकी के दर्शन करने के लिए महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग सभी मंदिर पहुंचे और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पांच किमी के दायरे में दो गांव, एक में विकास की खुशी तो दूसरे में उपेक्षा का अंधियारा



पन्ना। पांच किमी के दायरे में दो गांव हैं। एक में विकास कार्यों को लेकर संतुष्टि है तो दूसरे में उपेक्षा का अंधियारा। पहला गांव सांसद आदर्श ग्राम जमुनहाई तथा दूसरा सुनहरा (कल्याणपुर) है। डबल इंजन सरकार का विकास जमुनहाई में दिखाई देता है परंतु सुनहरा के आदिवासी पानी खरीदने के लिए मजबूर हैं। जिला मुख्यालय पन्ना से महज 10–15 किमी दूरी पर ये दोनों गांव बसे हैं।

जमुनहाई गांव के 260 परिवारों में 190 बांग्लादेश विस्थापित हैं। जिन्हें भारत की नागरिकता मिलने के साथ कृषि के लिए 5–5 एकड़ जमीन, बिजली, पानी, सड़क, माध्यमिक स्कूल, आंगनबाड़ी, पीएम आवास, शौचालय, लाड़ली बहना, उज्जवला योजना समेत डबल इंजन सरकार की कई योजनाओं का लाभ मिल रहा है। गैर विस्थापित नागरिक भी विकास से खुश हैं। सुनहरा गांव में मूल नागरिक आदिवासी विकास की बाट जोह रहे हैं। इधर, जमुहाई में लोकसभा चुनाव की चर्चा है, परंतु मूलभूत सुविधाओं से वंचित सुनहरा गांव में पांच में से चार ग्रामीण चुनाव की तारीख तक नहीं बता पाए। वे दो टूक कहते हैं कि चुनाव याद रखें कि गांव-गांव जाकर मूड़ (सिर) पर पानी ढोएं। बहरहाल चुनाव प्रचार के लिहाज से देखें तो पन्ना से लेकर खजुराहो तक कहीं ऐसा नजर नहीं आता कि कुछ दिनों बाद सांसद चुनने के लिए मतदान होना है। मुख्य मार्गों से झंडा, बैनर, पोस्टर नदारद हैं। यदि कुछ नजर आता है तो भगवा ध्वज, जो तमाम घरों व प्रतिष्ठानों पर लहरा रहा है।

चुनावी चर्चा में ज्यादातर लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रवाद, अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण और पूर्व में अयोध्या में कार सेवकों पर गोली चलाए जाने का जिक्र किया। यहां से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा दूसरी बार मैदान में हैं। इस बार आइएनडीआइए ने सपा उम्मीदवार मीरा यादव को टिकट दिया था। उनका पर्चा नामांकन निरस्त होने के कारण चुनाव लगभग एकतरफा हो गया है।

बांग्लादेश विस्थापित जमुनहाई के चिन्मय हल्दार कहते हैं कि जीवन अच्छा चल रहा है। राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। आगामी समय में रूंझ नदी से घर-घर पेयजल पहुंचने लगेगा, तब जिंदगी और आसान हो जाएगी। हालांकि इसी गांव की सपना बाई आदिवासी कहती हैं कि सरकारी योजना के नाम पर उन्हें सिर्फ उज्जवला योजना का सिलेंडर मिला है।

# पन्ना में तीन अंतरराज्यीय तस्कर 8 किलो 210 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार

पन्ना। पन्ना पुलिस द्वारा देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ (गांजा) का परिवहन करने वाले 1 उड़ीसा के गांजा तस्कर सहित 3 आरोपितो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपितो के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल 8 किलो 210 ग्राम कीमती करीब 82 हजार रुपये, परिवहन में प्रयुक्त एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल कीमती करीब 25 हजार रुपये व 03 मोबाइल कीमती 30 हजार रु. कुल 1 लाख 37 हजार रुपये का जप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ (गांजा) की पतासाही हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना आरती सिंह व पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है। जिस पर समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी देवेन्द्र नगर निरीक्षक अनूप यादव को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक बिना नम्बर की प्लेटिना मोटरसाइकिल से अवैध मादक पदार्थ गांजा पन्ना तरफ से मरहा मोड़ होते हुए बड़गाँव तरफ ले जाने वाले है।

# पन्ना टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में देखे गए दुर्लभ काले भेड़िये

पन्ना। एक बार फिर पन्ना टाइगर रिजर्व चर्चा में है। यहां के बफर क्षेत्र में पहली बार काला भेड़िया देखा गया है, जो वन्य जीव प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। विभिन्न प्रजाति के शाकाहारी व मांसाहारी वन्य जीवों के घर पन्ना टाइगर रिजर्व की विशिष्ट पहचान इसीलिए है क्योंकि यहां का मौसम भी विविधता से परिपूर्ण (4 से 48 डिग्री सेल्सियस) रहता है। दुर्लभ काले भेड़ियों की यह तस्वीर रूपेश कुकाडे ने किशनगढ़ के जंगल से गुजरने वाले हाइवे के पास ली है। जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में जहां बाघ, तेंदुआ, भालू सहित विभिन्न प्रजाति के मांसाहारी वन्य प्राणियों के साथ चीतल, सांभर, चिंकारा व चौसिंगा जैसे शाकाहारी वन्य जीव प्रचुर संख्या में पाये जाते हैं। वहीं यहां पर विलुप्तप्राय दुर्लभ काले भेड़िये की भी मौजूदगी के सबूत मिले हैं। काले भेड़िये पन्ना टाइगर रिजर्व के किशनगढ़ बफर के जंगल से गुजरने वाले हाइवे के पास देखे गए हैं, जो निश्चित ही खुशी की बात है। मालूम हो कि अगस्त 2021 में पन्ना टाइगर रिजर्व में फिशिंग कैट के प्राकृतिक आवास की भी पुष्टि हुई थी। उल्लेखनीय है कि बाघों से आबाद हो चुके पन्ना टाइगर रिज़र्व में जंगल के



राजकुमार कहे जाने वाले तेंदुओं की तादाद सर्वाधिक पाई गई है। जाहिर है कि मध्य प्रदेश को टाइगर स्टेट के साथ तेंदुआ स्टेट का दर्जा दिलाने में पन्ना टाइगर रिजर्व की अहम भूमिका रही है। अब यहां के जंगलों में काले भेड़ियों की मौजूदगी यह बताती है कि जैव विविधता के मामले में पन्ना के जंगलों का कोई मुकाबला नहीं है। काले भेड़िया इसके पूर्व पन्ना के अलावा मध्य प्रदेश में कहीं देखे गए हैं या नहीं इसकी प्रामाणिक जानकारी नहीं है। लेकिन जानकारों का यह कहना है कि शायद पन्ना में ये पहली बार देखे गए हैं।

राज्य वन्य प्राणी बोर्ड के पूर्व सदस्य हनुमंत प्रताप सिंह (रजऊ राजा) का कहना है कि काले भेड़िए का पन्ना में देखा जाना पन्ना टाइगर रिज़र्व के लिए बहुत ही सुखद और उत्साह पैदा करने वाली खबर है। आने वाले समय में यदि इनकी संख्या बढ़ती है तो निश्चित ही इससे पर्यटन और बढ़ेगा जिसका लाभ पन्ना को मिलेगा। आमतौर पर पन्ना टाइगर रिजर्व में भूरे रंग के भेड़िये नजर आते हैं, लेकिन काले रंग के भेड़ियों की यहां पर मौजूदगी पहली बार पाई गई है। ये भेड़िये भी शिकार करने में माहिर होते हैं।

बीएच लैब द्वारा भेड़ियों की तस्वीर एक्स हैंडल पर पोस्ट की है, जिसमें कहा गया है कि पहली बार भारत में शुद्ध काले भेड़ियों की तस्वीर खींची गई है। तस्वीर में अलग-अलग काले रंग वाले दो भेड़िये दिखाई दे रहे हैं। काले भेड़िये दुर्लभ होते हैं, लेकिन पहले में अमेरिका सहित कई देशों से इसके होने की सूचना मिली है।

2009 के एक अध्ययन के अनुसार, काले भेड़िये ऐसे भेड़िये हैं जो एक उत्परिवर्तन रखते हैं। जिसके कारण उनकी खाल काले रंग की हो जाती है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, गुरूवार 18 अप्रैल 2024 | 8


लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार रथ मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं।



## यह चुनाव रीवा के विकास को उंचाई पर ले जाने का है : जनार्दन

**रीवा।** लोकसभा प्रत्याशी सांसद जनार्दन मिश्रा ने मउगंज विधानसभा के खटखरी अंचल के बिझौली, बिरहा, अटवा, कौआढान, पतुलखी, हर्दी सहित एक दर्जन से अधिक गांव का सघन चुनावी जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से आमजनों से संवाद और आशिर्वाद की अपील करते हुए कहा कि रीवा लोकसभा क्षेत्र विकास की उंची उड़ान पर खड़ा है, मउगंज जिला बनने के साथ विकास के ऐसे चौराहे पर खड़ा है, जहां पर सिर्फ भाजपा ही मउगंज के लोगों को अरमानों को पूरा कर सकती है, और मउगंज को विकसित और सबसे सुन्दर जिला बनाकर आपके सपनों को पूरा करेगी। भाजपा ने मउगंज को जिला बनाकर आप की आकांक्षाओं को पूरा किया तो वहीं दूसरी तरफ 4200 करोड़ की



उद्वहन परियोजनाओं की स्वीकृति देकर मउगंज अंचल के हर खेत में पानी पहुंचाने का संकल्प को पूरा करने जा रही है। ऐसे समय में अगर आप आपने एक वोट भी गलती से जातिवादी और परिवारवादियों को दे दिया तो वह आपकी आने वाली पीढ़ियों के लिए अभिशाप बन जाएगा।

भाजपा प्रत्याशी सांसद जनार्दन मिश्रा ने जहां रामनवमी पर्व की उपस्थित जनों को शुभकामनाएं दी, वहीं कहा कि आप सबने राम मंदिर के निर्माण में कांग्रेस पार्टी की अड़ंगेबाजी को कई दशकों से देखा और समझा है। कांग्रेस पार्टी के मन में पाप भरा हुआ है, इसीलिए भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकराया और भगवान राम को काल्पनिक बताकर राम जन्मभूमि के निर्माण में बाधाएं और विरोध करती रही। यह चुनाव कांग्रेस को सबक सिखाने का है। इसलिए एक-एक वोट भाजपा के पक्ष में डाले और सभी से डलवाने के लिए अपील करें। कांग्रेस को एक भी वोट न दें। तभी वह सनातन को डेंगू और मलेरिया बताने से डरेंगे।

रीवा सांसद ने 2003 के पहले मउगंज की सड़कों की याद दिलाते हुए कहा कि रीवा मउगंज से पहुंचना, मिर्जापुर से मउगंज यहां पहुंचना बहुत कठिन कर दिया था। कांग्रेस पार्टी ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिये थे। हर मउगंज जिले का वासी परेशान और हताश था, परन्तु भाजपा ने सत्ता में आते ही कायाकल्प करने का काम किया है। इस चुनाव में भी आप मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाए और उनके साथ खड़े होने का अवसर दें। यह चुनाव मउगंज के उत्थान का है। अगर आपने एक भी वोट इधर-उधर किया तो बीमार मानसिकता वाले कहते फिरेंगे कि मुझे मउगंज से इतना वोट मिल गया है। भ्रमण के दौरान मउगंज प्रभारी वंशबहादुर सिंह सहित पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लोकसभा सांसद प्रतिनिधि राजीव खण्डेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया है कि रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा के प्रयासों से डभौरा रेलवे स्टेशन में समर स्पेशल ट्रेन नम्बर 04123/24 जो प्रयागराज से मानिकपुर होते हुए हजरत निजामुद्दीन चलेगी वह रविवार और बुधवार को डभौरा स्टेशन में शाम 16.03 बजे पहुंचेगी। तो वहीं वापसी समय सुबह 7 बजे आएगी। डभौरा स्टेशन में ठहराव सांसद जी के प्रयासों से हुआ है। स्थानीय जनों ने जिसके लिए सांसद जी का आभार ज्ञापित किया है।

## मतदाता सूची में नाम है तो मिलेगी मतदान की सुविधा

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता पर्ची का वितरण किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिस व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में है तो उसे मतदान का अवसर दिया जाएगा। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता पर्ची बीएलओ द्वारा दी जाएगी। यदि किसी कारणवश मतदाता पर्ची प्राप्त नहीं होती है तो भी मतदान की सुविधा मिलेगी। सभी मतदाता अपने इपिक कार्ड (मतदाता पहचान पत्र) के साथ मतदान केन्द्र में सरलता से मतदान की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। यदि इपिक कार्ड नहीं है तो भी निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य 12 तरह के फोटोयुक्त पहचान पत्र में से किसी एक के आधार पर मतदाता मतदान कर सकता है।

## मॉकपोल के बाद शुरू होगा वास्तविक मतदान

**रीवा।** रीवा और मऊगंज के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान के लिए व्हीव्हीपैट ईव्हीएम का उपयोग किया जा रहा है। वास्तविक मतदान शुरू होने से 90 मिनट पहले मॉकपोल कराया जायेगा। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि सभी पीठासीन अधिकारी प्रातः 7 बजे वास्तविक मतदान शुरू होने से पहले मॉकपोल या दिखावटी मतदान की प्रक्रिया पूरी करेंगे। ईव्हीएम को वोटिंग के लिए तैयार करके उम्मीदवारों के एजेंटों की उपस्थिति में प्रत्येक उम्मीदवार के नाम के सामने के बटन से एजेंटों से मतदान करायें। मतदान पूरा होने के बाद कुल मत पत्रों का योग तथा परिणाम एजेंटों को दिखायें। इसके बाद सभी मत क्लियर करके कंट्रोल यूनिट को वास्तविक मतदान के लिए सील बंद करें। मॉकपोल में दर्ज मत वास्तविक मतदान से पहले आवश्य क्लियर कर दें। मॉकपोल की प्रक्रिया एक घण्टे पहले प्रारंभ होगी। अगर पोलिंग एजेंट समय पर उपस्थित नहीं होते हैं तो 10 मिनट प्रतीक्षा करके मतदाताओं की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया पूरी करायें। समय पर समस्त कार्यवाहियां पूरी करके प्रातः 7 बजे वास्तविक मतदान के लिए मशीनें तैयार कर दें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग एजेंटो से मॉकपोल के समय उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## दिव्यांगों और बुजुर्ग मतदाताओं का डाकमत पत्र से मतदान होगा दो दिन

### घर से मतदान कराने के लिए 67 दल तैनात - 18 और 19 अप्रैल को होगा मतदान

**रीवा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में दिव्यांग मतदाताओं तथा 85 साल से अधिक आयु के मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। इन्हें डाक मतपत्र से मतदान कराया जाएगा। जिन दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं ने निर्धारित प्रपत्र में डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा के लिए आवेदन किया है उन्हें घर-घर जाकर 18 एवं 19 अप्रैल को डाक मतपत्र से मतदान कराया जाएगा। इसके लिए जिले भर में 67 दल तैनात किए गए हैं। इनकी तैनाती विधानसभावार की गई है। मतदान कराने के लिए दल 18 अप्रैल को सुबह 6 बजे सहायक रिटर्निंग आफीसर कार्यालय से रवाना होंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक कराया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि घर-घर जाकर मतदान कराने के लिए जाने वाले मतदान दल में पीठासीन अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, वीडियोग्राफर और सुरक्षा कर्मचारी शामिल रहेंगे। सभी सेक्टर आफीसर भी मतदान के समय उपस्थित रहेंगे। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। मतदान की गोपनीयता बनाए रखते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार घर से मतदान संपन्न कराएं। यदि कोई चिन्हित मतदाता प्रथम दिवस घर पर नहीं मिलता है तो उसके घर पर मतदान की सूचना देकर अगले दिन पुनः जाकर मतदान कराएं। दूसरे दिन भी यदि मतदाता अनुपस्थित रहता है तो पंचनामा बनाकर प्रतिवेदन तैयार करें। मतदान पूरा कराने के बाद सभी दल सहायक रिटर्निंग आफीसर को मतपेटी जमा करेंगे। सहायक रिटर्निंग आफीसर इसे स्ट्रांग रूम में संधारित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। दिव्यांगों तथा बुजुर्ग मतदाताओं से मतदान कराते समय उनके अच्छे फोटोग्राफ्स लेकर निर्वाचन के ग्रुप में उपलब्ध कराएं।

## गांवों में घूम रहा प्रचार रथ - मतदाताओं को मतदान के लिए किया जा रहा प्रेरित

**रीवा।** लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार रथ मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। प्रचार रथ गांवों में घूम-घूम कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रचार रथ द्वारा भैंसहाई गांव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में गत 21 मार्च से प्रचार रथ भ्रमण कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम द्वारा निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार प्रचार रथ 20 अप्रैल तक भ्रमण करेंगे। इनके द्वारा मतदान केन्द्रों तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में ऑडियो विजुअल माध्यम से आमजनता को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## मतदान केन्द्र में मोबाइल फोन का उपयोग रहेगा प्रतिबंधित

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान कराने के लिए सभी मतदान केन्द्रों में पूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गयी हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदान केन्द्र के अंदर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत अधिकारियों के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट तथा कैमरे का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसका उल्लंघन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 132 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मतदान केन्द्र में केवल निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग आफीसर तथा पीठासीन अधिकारी ही आवश्यकता होने पर मोबाइल फोन का उपयोग कर सकेंगे। मतदाता तथा अन्य व्यक्ति मतदान केन्द्र में मोबाइल फोन लेकर न आएं। मोबाइल फोन के साथ मतदान केन्द्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मीडिया कर्मियों को प्राधिकृत पत्र जारी किये गये हैं। इस प्रवेश पत्र के साथ ही मीडिया कर्मी मतदान परिसर में प्रवेश कर सकेंगे। मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी के निर्देशों के अनुसार ही कार्य संपादन की अनुमति होगी। मीडिया कर्मी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कव्हरेज करते समय किसी भी स्थिति में मतदान की गोपनीयता भंग न हो तथा मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। मीडिया कर्मी मतदान केन्द्र के 100 मीटर की परिधि के बाहर ही किसी व्यक्ति या मतदाता का इंटरव्यू ले सकेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का पालन करते हुए सभी पत्रकार निर्वाचन कार्य का कव्हरेज करेंगे।

## घृणित बीमार मानसिकता वालों को वोट न दें : व्यंकटेश

**रीवा।** नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय ने शहर के विभिन्न वार्डो में भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा के पक्ष में चुनावी प्रचार करते हुए कहा कि भाजपा और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला जी ने विकास के साथ गरीबों का जीवन बदलने के लिए काम किया है। एक तरफ भाजपा है जो जन-जन अरमानों को पूरा कर रही है और उन्हें हर वह अवसर दे रही है, जिससे वह सक्षम और मजबूत हो। तो वहीं कांग्रेस पार्टी जो जनता का हक लूटने और जेब भरने का काम करती आई है। 15 महीने प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, जिसने विकास की योजनाओं को बंद कर भ्रष्टाचार के लिए वल्लभ भवन में अधिकारी बैठा रखे थे। रीवा नगर निगम के अंदर ही कांग्रेस पार्टी ने 33 वादे किये थे कि महापौर जीतने के बाद हम करेंगे।

## थाने में पदस्थ एएसआई बने बीजेपी के प्रचारक

### सोशल मीडिया में की प्रत्याशी को वोट करने की अपील, लाइन हाजिर

**रीवा।** रीवा जिले के सेमरिया थाने में पदस्थ एएसआई के द्वारा सोशल मीडिया में एक पोस्ट शेयर करना भारी गया। थाने में पदस्थ एएसआई द्वारा शेयर किया गया पोस्ट वायरल होने के बाद इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह को हो गई, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने तत्काल एएसआई को लाइन हाजिर कर दिया। एएसआई द्वारा सोशल मीडिया में शेयर किए में पोस्ट में लिखा था कि सासंद जनार्दन मिश्र को वोट देकर भाजपा को पुनः विजयी बनाएं। दरअसल, आज सेमरिया थाने में पदस्थ एएसआई




पीएन सतनामी के द्वारा एक पोस्ट सोशल मीडिया में शेयर की गई, जिसके बाद वह पोस्ट बड़ी तेजी के साथ वायरल होने लगा। वायरल हुए पोस्ट में पुलिसकर्मी एएसआई ने रीवा संसदीय सीट से बीजेपी प्रत्याशी सांसद जनार्दन मिश्रा के पक्ष में एक पोस्ट शेयर कर दिया गया, जिसमे लिखा था कि बेहतर लोकतंत्र के लिए मतदान जरूर करें और जनार्दन मिश्रा को वोट देकर भाजपा को पुनः विजयी बनाएं। एस्ड्ड पीएन सतनामी के द्वारा सोशल मीडिया में किया गया पोस्ट पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह तक जा पहुंचा, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने तत्काल सेमरिया थाने में पदस्थ एएसआई पीएन सतनामी को लाइन हाजिर कर दिया। जानकारी के मुताबिक, एएसआई पीएन सतनामी के द्वारा पुलिस विभाग के एक व्हाट्सएप ग्रुप में इस पोस्ट को शेयर किया गया था, जिसके बाद वह पोस्ट वायरल हो गया। लोकसभा चुनाव के चलते जिले में आचार संहिता लागू है और ऐसे में एक पुलिसकर्मी के द्वारा किसी भी दल का प्रचार-प्रसार करना अनुशासन हीनता की श्रेणी में आता है और इसी के चलते उन्हें लाइन हाजिर किया गया है। वहीं, मामले पर एडिशनल एसपी विवेक लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि एएसआई पीएन सतनामी को लाइन हाजिर किया गया है। मामले की जांच के बाद विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है।

## अनुसूचित जनजाति का मोर्चा का चल रहा है भाजपा के पक्ष में सघन जन संपर्क

**रीवा।** अनुसूचित जनजाति के मोर्चाध्यक्ष सियाशरण साकेत के नेतृत्व में देवतालाब विधानसभा के सीतापुर की बस्तियों में चुनावी जनसंपर्क किया गया। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील करते हुए सियाशरण साकेत ने कहा कि भाजपा ने गरीब की आवाज को सम्मान देकर उन्हें स्वाबलंबी व सामाजिक रूप से सक्षम बनाने का कार्य किया है। आज समाज के अंतिम छोर में खड़ा व्यक्ति उद्योग एवं सरकारी नौकरी से लेकर हर पेशे में पहुंच रहा है और वह सम्मानपूर्व जीवन जीने का हक मोदी ने दिया।

## मतदाता पर्ची का किया जा रहा वितरण

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके लिए 2014 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 18 लाख 52 हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। मतदान की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक मतदाता को क्यूआर कोड वाली मतदाता पर्ची बीएलओ के माध्यम से वितरित की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने



बताया कि मतदाता मतदान करने के लिए प्राप्त पर्ची के साथ ईपिक कार्ड अथवा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 फोटोयुक्त पहचान पत्र में से किसी एक का उपयोग करके मतदान कर सकेंगे। केवल मतदाता पर्ची से मतदान की सुविधा नहीं मिलेगी। मतदाता पर्ची से मतदाता को सरल क्रमांक की जानकारी प्राप्त होगी। कलेक्टर ने सभी रिटर्निंग आफीसरों को बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्चियों का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## बिलाबॉग स्कूल विद्यार्थियों के बैग तथा बढ़ी हुई फीस करेगा समायोजित

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी निजी स्कूल संचालकों को इस वर्ष फीस में किसी तरह की वृद्धि न करने तथा फीस की राशि के संबंध में सभी को सूचना देने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता ने बताया कि सभी निजी स्कूल संचालकों द्वारा फीस की पूरी जानकारी डीपीआई पोर्टल पर दर्ज कराई जा रही है। जिन स्कूलों ने फीस की राशि बढ़ाकर विद्यार्थियों से वसूली की है उनकी राशि समायोजित कराई जा रही है। बिलाबॉग स्कूल के संचालक आशीष काकवानी ने लिखित में सूचना दी है कि विद्यार्थियों से ली गई स्कूल बैग की राशि तथा बढ़ी हुई फीस समायोजित कर दी जाएगी। स्कूल द्वारा सत्र 2023-24 में जितनी फीस ली गई थी उतनी ही फीस सत्र 2024-25 में ली जाएगी। स्कूल के सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों को इसकी सूचना दे दी गई है। बिलाबॉग स्कूल विद्यार्थियों से ली जाने वाली फीस के संबंध में शासन द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पूरी तरह से पालन करेगा।

## भ्रष्टाचार करने वालों को जनता सबक सिखाएं : नीलम

**रीवा।** लोकसभा क्षेत्रीय की कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने विभिन्न गांवो में जनसंपर्क के दौरान कहां है कि आगामी लोकसभा चुनाव देश की दशा और दिशा दोनों की एक नई राह तय करेगा। अगर कांग्रेस की ओर जनता का रुख रहा तो देश के हर समाज के लोगों को लाभ मिलेगा। देश का संविधान बचा रहेगा। यदि एक बार फिर लोग भटक गए तो फिर यह निश्चित रूप से मान लीजिए कि देश का संविधान बदल जाएगा और पूरा देश एक ऐसे मोड़ पर पहुंच जाएगा जब उसे तानाशाही का सामना करना पड़ेगा। आज भी वही स्थिति है लेकिन थोड़ा सा कम है, उसे फिलहाल विपक्ष का डर है। इन्होंने भाजपा प्रत्याशी पर तंज



कसते हुए कहा है कि हमारे रीवा लोकसभा क्षेत्र की जनता ने जिस व्यक्ति को 10 साल से सांसद बना कर रखा, उसने इन 10 सालों में क्षेत्र के विकास के लिए क्या किया, इसका आज तक उनके पास कोई जवाब नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि यहां पर 10 साल के दौरान भ्रष्टाचार की तेजी से प्रगति हुई है। इसके प्रमाण है , लेकिन सरकार उनकी है इसलिए शिकायतें बेअसर हैं। कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने कहा है कि अगर आप सबका आशीर्वाद मिला तो सरकारी राशि का एक-एक पैसा लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए समर्पित रहेगा, विकास के पैसे से विकास होगा। वर्तमान में हालत यह है कि जिसे विकास की जिम्मेदारी दी गई और उसे एक निश्चित रकम क्षेत्र के विकास के लिए दिया गया उसने उसे पैसे को विकास में लगाने की बजाय अपने घर के विकास में लगा दिए। अब इसी से समझा जा सकता है कि जिसे विकास की जिम्मेदारी गई थी उसने सरकारी पैसे को क्या किया। लोकसभा प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा ने इस दौरान आम नागरिकों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम राम हम सबके आदर्श हैं और वह जिस राह पर चल रहे थे उसी राह पर चलते हुए रीवा लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए काम करना मेरा लक्ष्य है और मेरा यह संकल्प है कि अगर आपका आशीर्वाद मिला तो निश्चित तौर पर इस क्षेत्र में विकास की गतिविधियां तेजी के साथ बढ़ेगी और कम से कम इतना तो अवश्य करूंगी कि विकास के पैसे से केवल विकास करूंगी, ताकि रीवा लोकसभा क्षेत्र की गरिमा बनी रहे। भावुक होते हुए इन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में आज मैं हूं वह मेरी ससुराल है, इस नाते भी आप सब की जिम्मेदारी बनती है कि इस पूरे क्षेत्र से ज्यादा से ज्यादा मतो से कांग्रेस को विजई बनाएं इस दौरान क्षेत्र के कांग्रेस जन, सेक्टर व मंडलम के प्रभारी के अलावा तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## द्वारिका नगर के दुर्गा मंदिर में कन्या पूजन पश्चात नवरात्रि का हुआ परायण



**रीवा।** स्थानीय द्वारिका नगर दुर्गा मंदिर रीवा में चैत्र नवरात्रि का परायण कन्या पूजन, कन्या भोज से किया गया। दुर्गा मंदिर के मुख्य पुजारी कमलनाथ पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 9 अप्रेल 2024 से हुआ जिसका परायण 17 अप्रेल 24 को मॉ दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना, कन्या पूजन एवं कन्या भोज से किया गया। मॉ दुर्गा मंदिर के संस्थापक नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने कन्या पूजन कर कन्याओं का आर्शीवाद प्राप्त किया। कमल पाण्डेय ने आगे बताया कि 9 अप्रेल से मां के मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा विशेषकर सप्तमी एवं अष्टमी को भक्तों ने मॉ का आर्शीवाद प्राप्त किया।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833